वर्ष- 21 अंक - 280 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12



दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

श्री राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 27 मार्च 2026



## राम नवमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

### *रामलला का हुआ सूर्य तिलक*

### *10 हजार मंदिरों में राम जन्मोत्सव*

**अयोध्या.एजेंसी।** आज रामनगरी अयोध्या सहित पूरे देश में राम जन्मोत्सव उत्साह और धूमधाम से मनाया जा रहा है। अयोध्या में इस मौके पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां बड़ी तादाद में लोग सरयू नदी में स्नान कर रामलला के दर्शन कर रहे हैं। दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक हुआ। अयोध्या के 10 हजार मंदिरों में आज रामलला का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। 12 बजते ही तमाम मंदिरों में भगवान की आरती हुई और जयश्रीराम का उद्घोष गूंज उठा। भोजपुरी एक्टर निरहुआ, रवि किशन भी रामलला के दरबार में पहुंचे। दिग्विजय सिंह ने भी कल रामलला का आशीर्वाद लिया था।

# 10 रुपए सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल



### ईंधन संकट के बीच सरकार ने दी बड़ी राहत

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

ग्लोबल कच्चे तेल की आपूर्ति संकट के बीच सरकार ने बड़ी राहत दी है। पेट्रोल और डीजल के दाम में बड़ी कटौती कर दी गई है। केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी को घटा दिया है। पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 10 रुपए घटाकर 3 रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर एक्साइज ड्यूटी जीरो कर दिया गया है। अब पेट्रोल और डीजल 10 रुपये सस्ता हो चुका है। हालांकि राज्य सरकारों का वैट लागू रहेगा। पहले पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 रुपये था और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10 रुपये प्रति लीटर था। हालांकि अब इसमें 10 रुपये की कटौती की गई है। ईरान जंग के कारण यह आशंका जताई जा रही थी कि पेट्रोल डीजल महंगा होगा लेकिन सस्ता हो गया।

### एक और खुशखबरी

## 42 हजार टन गैस लेकर होर्मुज से गुजरात पहुंचा 'जग वसंत' जहाज

**कांडला पोर्ट.एजेंसी।** एलपीजी गैस संकट के बीच 'जग वसंत' नाम का वेसल (टैंकर) कांडला पोर्ट पहुंच चुका है। यह होर्मुज के रास्ते गुजरात पहुंचा है। इस जहाज में 42 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा LPG गैस लाई गई है। आज ही इस गैस को मिड-सी ट्रांसफर के जरिए उतारा जाएगा। मिड-सी ट्रांसफर का मतलब है कि समुद्र में ही जहाज से गैस को दूसरे सिस्टम या पोर्ट की सुविधाओं तक पहुंचा दिया जाता है। इससे गैस तेजी से उतर जाती है, समय बचता है और सप्लाई भी जल्दी शुरू हो जाती है। ईरान-अमेरिका तनाव से होर्मुज रास्ता बाधित होने के बावजूद भारत के चार महत्वपूर्ण तेल टैंकर सुरक्षित पहुंच चुके हैं।




## रामनवमी जुलूस को लेकर हिंसक झड़प, जमकर चले पत्थर

**गढ़वा.एजेंसी।** झारखंड के गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र में पिछले 24 घंटों से सुलग रहा विवाद हिंसक संघर्ष में तब्दील हो गया। रामनवमी के अवसर पर डीजे बजाने और महावीरी झंडा गाड़ने के स्थान को लेकर दो समुदायों के बीच शुरू हुई कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसा का रूप ले लिया। स्थिति को अनियंत्रित होता देख पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। दोनों समुदायों की तरफ से एक-दूसरे पर जमकर पत्थर बरसाए गए, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई और दुकानें धड़ाधड़ बंद हो गईं।

## मोदी लगा सकते हैं लॉक डाउन

### मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक पर भड़की ममता

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव वाले राज्यों को छोड़कर अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आज शाम बातचीत करेंगे। खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष से उत्पन्न हुए संकट से निपटने में राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा भी होगी। मुख्यमंत्रियों के साथ मोदी की बैठक पर ममता भड़क गईं। उन्होंने कहा कि मोदी चुनाव के समय फिर लॉकडाउन लगा सकते हैं। ज्ञात रहे कि मोदी ने पिछले दिनों कहा था कि आने वाला समय कोरोना जैसी परीक्षा लेगा और हमें मिलकर काम करना होगा।

## रुपए में ऐतिहासिक गिरावट, शेयर बाजार गिरा, सोना-चांदी चढ़ा

**शुक्रवार.एजेंसी।** बाजार में उथल-पुथल के बीच आज रुपए में ऐतिहासिक गिरावट आई। डॉलर के मुकाबले रुपया 94.15 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। उधर शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला। सेंसेक्स 389 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी में भी 132 अंक की गिरावट दर्ज की गई। उधर सोना 1200 रुपए महंगा होकर 140780 रुपए तक पहुंच गया। जबकि चांदी 4300 रुपए बढ़कर 224120 रुपए तक पहुंच गई।

### जंग अपडेट

- संयुक्त राष्ट्र में ईरान का 'लेटर बम', इजरायल पर अराघची और गालिबाफ की हत्या की साजिश का आरोप
- कुवैत में नेताओं की हत्या की साजिश नाकाम, 6 आरोपी गिरफ्तार
- ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर 6 अप्रैल तक हमले नहीं करेगा अमेरिका
- ईरान में इजराइल के हमले में बाल-बाल बचा पाकिस्तानी दूतावास

### जम्मू कश्मीर विधानसभा में खामेनेई के पोस्टर लहरा रहे विधायकों से धक्का मुक्की, जमकर हुआ बवाल





# ट्रंप की हत्या के लिए जुटाए जा रहे 100 मिलियन डॉलर

### पाकिस्तान से भी फंडिंग

**तेहरान ● एजेंसी**

ईरान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कथित तौर पर हत्या के लिए क्राउडफंडिंग कैंपेन चलाया जा रहा है। सोशल मीडिया और एसएमएस के जरिए लोगों को इसमें जोड़ा जा रहा है। इस कैंपेन से जुड़े लोग दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) से भी कुछ लोगों ने इसमें योगदान दिया है। ट्रंप की हत्या के लिए 100 मिलियन डॉलर के इनाम की घोषणा वाले पोस्टर भी वायरल हो रहे हैं। संभावित हमलावर को इनाम देने के लिए पैसे क्राउडफंडिंग के जरिए जुटाए जा रहे हैं।

## माता मंदिर से लौट रहे एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**ग्वालियर.एजेंसी।** ग्वालियर में आज तड़के स्कॉर्पियो ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर घायल हुए। रिक्शा में सवार एक ही परिवार के लोग शीतला माता मंदिर से लौट रहे थे।

## अस्पताल में महिला मरीज से दुष्कर्म का प्रयास

**लखनऊ.एजेंसी।** लखनऊ के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती महिला मरीज से रेप की कोशिश की गई। आरोप है कि वार्ड बॉय महिला के पीछे टॉयलेट में चला गया और इसी दौरान हरकत की। विरोध करने पर उसने मारपीट भी की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## अब डॉलर पर होंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका की करेंसी में बड़ा बदलाव होने जा रहा है, जहां राष्ट्रपति ट्रंप का साइन अब नए डॉलर नोटों पर दिखेगा। 165 साल पुरानी परंपरा तोड़ते हुए यह फैसला 250वीं स्वतंत्रता वर्ष के मौके पर लिया गया है।


प्रभु सेवा में
स्व. प्रवेश जी अग्रवाल
इन्दौर विधानसभा क्षेत्र क्र. 3 के ऊर्जावान नेतृत्व एवं विधानसभा क्षेत्र क्र. 4 के प्रभारी
शैलेष गर्ग जी
को पुनः शहर कांग्रेस कमेटी में
कोषाध्यक्ष
नियुक्त होने पर
हार्दिक शुभकामनायें
श्री शैलेष गर्ग
कोषाध्यक्ष - शहर कांग्रेस कमेटी, इन्दौर
प्रभारी - विधानसभा क्षेत्र क्र. 4
सचिन सिलावट
मिन्ना भाटिया
उपाध्यक्ष-शहर कांग्रेस कमेटी, इन्दौर
बिट्टू शर्मा
महामंत्री-शहर कांग्रेस
जतिन थोरात
ब्लॉक अध्यक्ष -शहर कांग्रेस
अनमोल संधु
अमित जायसवाल
ईशान गुप्ता
जयप्रकाश मौर्य
सावन कनाडे
बधाईकर्ता : अनमोल संधु, सावन कनाडे मित्रमंडल









## भगवान राम की शोभायात्रा निकली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भगवान राम की आज जन्म जयंती राम नवमी पर एमजी रोड कृष्णपुरा रोड स्थित वन खंडी राम मंदिर से सुबह शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, किन्नर समाजजन भी भगवान राम की भक्ति में शामिल हुए। यह यात्रा नन्दलालपुरा सब्जी मंडी होते हुए शहर के मध्य भगवान राम के जयकारों के साथ घूमी। राजवाड़ा से वापस श्रीराम मंदिर यह यात्रा पहुंची।

# कांग्रेस कर रही है समन्वयक के माध्यम से संगठन मजबूती का काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

### शुरूआत में बनाया गिल को अब ब्लॉक, वार्ड समन्वयक की होगी शुरूआत

**शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे लगातार बूथ स्तर की मजबूती पर ध्यान दे रहे हैं, कांग्रेस का ध्यान मोहल्ला स्तर तक के संगठन मजबूती पर लगा है। 24 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद करीब 60 वार्ड में अध्यक्ष प्रभारी, महिला प्रभारी बना दिए गए हैं। अब इनको भी नियंत्रित करने के लिए कांग्रेस समन्वयक की नियुक्तियां करने की तरफ बढ़ चुकी है।**

इसी कड़ी में सबसे पहले शुरूआत पुराने छात्र नेता गुरजोतसिंह गिल को शहर कांग्रेस कमेटी के समन्वयक पद पर नियुक्त कर दिया। इस नियुक्ति के बाद अब कांग्रेस 24 ब्लॉक पर एक को-ऑडिनेटर समन्वयक और 85 वार्ड अध्यक्ष, प्रभारी, महिला प्रभारी के ऊपर समन्वयक बनाएंगे। इसके बाद भी कांग्रेस संगठन को और मजबूत करने के लिए अपने जितने पदाधिकारी उपाध्यक्ष से लेकर स्थाई और विशेष आमंत्रित है उनको भी वार्ड स्तर पर जिम्मेदारी देगी, यहां तक कि काम का विकेन्द्रीकरण संगठन करेंगा और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं तक को संगठन मजबूती के लिए जिम्मेदारी दी जाएगी। खासतौर से कांग्रेस का ध्यान मोहल्ला कमेटी बनाने पर लगा हुआ है। इस मामले में चिंटू चौकसे ने बताया कि हम वार्ड स्तर से लेकर मोहल्ला स्तर तक काम का विकेन्द्रीकरण करने जा रहे है, और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से लेकर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं तक का इसमें उपयोग लिया जाएगा, मोहल्ला समिति को ताकतवर बनाकर वहां आम जनता से कांग्रेस चर्चा करेगी उनकी समस्याओं को जानेगी और समस्या हल कराने का प्रयास करेगी चाहे उसके लिए कांग्रेस को धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन करना पड़े। अब जल्द ही दो नियुक्तियां समन्वयक की ब्लॉक और मंडलम स्तर पर होगी। अभी तो पूर्व मंत्री के समर्थक को समन्वयक बनाया गया है। पदाधिकारी से लेकर ब्लॉक तक में पूर्व मंत्री समर्थक भरपूर है। अभी तो बचे हुए मंडलम अध्यक्षों, प्रभारी, महिला प्रभारी की नियुक्ति की जाना है और साथ में ब्लॉक पदाधिकारियों की भी नियुक्तियां होगी और फिर कांग्रेस मोहल्ला समितियों की और बढ़ेगी।

## सांसद लालवानी ने 23 फीट नीचे उतकर की पूजा अर्चना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 412 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे रेलवे स्टेशन अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत पार्सल बिल्डिंग एवं बेसमेंट निर्माण हेतु फाउंडेशन कॉन्क्रीट कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट इंदौर स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक, सुव्यवस्थित और यात्री-अनुकूल स्वरूप देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।बेसमेंट निर्माण के लिए प्लेटफॉर्म सतह से लगभग 7 मीटर गहराई तक खुदाई की गई है और सांसद शंकर लालवानी पूजा अर्चना के लिए करीब 23 फीट नीचे उतरे और पूजा के बाद कार्य प्रगति का निरीक्षण भी किया। अधिकारी धीरज कुमार, अंकुर सिंह, सांसद प्रतिनिधि विशाल गिदवानी सहित अन्य मौजूद थे।

## देपालपुर में कांग्रेस मंडलम अध्यक्षों की नियुक्तियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन वानखेडे ने देपालपुर विधानसभा के मंडलम अध्यक्षों की घोषणा की। हरिनारायण पटेल मंडल में देवनारायण चौधरी, रतनसिंह मंडल में राजेन्द्र पटेल, नाथूसिंह मंडल में हर्षित मंडलोई, निहालसिंह मकवाना मंडल में दिनेश नागर, किशोर पटेल मंडल में अमित पटेल, भागीरथ पटेल मंडल में मुकेश पटेल, बेटमा मंडल में पोपसिंह मंडलोई की मंडल अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की गई है।

# गलती सरकारी, परिणाम भुगते जनता -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**प्रदेश कांग्रेस पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने आरोप लगाया कि सरकारी गलती और अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। इनमें खसरा खतौनी, भूमि रिकार्ड आदि कम्प्युटिकृत करने के दुष्परिणाम भी आम लोगों को परेशान के सबब लेकर आते हैं।**

सरकारी अधिकारियों की लापरवाही के कारण जनता में परेशानी का जखीरा बन चुका है। कलेक्टर, तहसील, एसडीएम कार्यालय में गलती सुधार पर चक्कर पर चक्कर लगा रहे हैं, आवेदन पर आवेदन दे रहे हैं और तो और आवेदन देने के बाद आवेदन को ही सिद्ध करना होता है कि जो त्रुटि हुई है उसके कारण नहीं अपितु विभागीय त्रुटि हैं। भू-अभिलेख में नाम में त्रुटि, रकबा में त्रुटि, बंटाकन नंबर से लेकर खसरा नंबर तक की त्रुटि हैं तो कहीं कहीं कुल रकबा ही गलत लिखा गया है तो कहीं केवल एक खसरा लिखकर बाकी खसरों का रकबा लिख दिया गया है। हद तो यह है कि जिन खसरो पर कालोनी कट गई बस गए लोग डायवर्सन है, टीएनसी है, नक्शा पास है, रेरा अभिकरण से अप्रूवल लिया हुआ है उन्हें भी कृषि भूमि बताया गया है फलस्वरूप बैंक लोन नहीं दे रही, रजिस्ट्री नहीं हो रही। नाम और पता गलत चढ़ा दिया जाता है उसके लिए भी शासकीय कार्यालय से नोटिस जारी होते हैं। एसडीएम कार्यालय रिकार्ड दस्तावेज मंगवाते हैं। द्विवेदी ने कहा कि जब विभागीय गलती है तो सरकार सीधे-सीधे आदेश जारी करके ऐसी त्रुटि को सुधारने का पखवाड़ा चलाए तथा निशुल्क सुधार कार्य किया जाए। आवेदन साधारण कागज पर लेकर तय समय सीमा में निराकरण किया जाए। हालत यह है कि गलती सरकारी, परिणाम भुगते जनता।

# माहेश्वरी को मिली डिजिटल अरेस्ट की धमकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के वेंकटेश नगर एक्सटेंशन में रहने वाले राजेन्द्र माहेश्वरी ने साइबर क्राइम शाखा पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उनके पास 25 मार्च को फोन आय़ा और उस व्यक्ति ने अपने आपको एटीएस का अधिकारी बताते हुए उनसे 40 मिनट से अधिक तक चर्चा कर डिजिटल अरेस्ट की बात कही और यह भी कहा कि आपने जो सिम ली थी उसका उपयोग आतंकवादी गतिविधियों में किया है, आपको न्यायालय का नोटिस भी आया है। इसके बाद दूसरा कॉल भी आया, जिस पर 13 मिनट तक चर्चा हुई और इस कॉल में एक व्यक्ति पुलिस वर्दी में दिखाई दे रहा था। अब पुलिस को 3 नम्बर भी दिए गए हैं, पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। उक्त पूर्ण राजेन्द्र माहेश्वरी के भाई देवेन्द्र ईनानी ने दी है।

# कांग्रेस नेता की राज्यसभा के लिए चेतावनी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक और पत्रकार प्रकाश महावर कोली ने कहा कि कांग्रेस अगर दलित नेता को राज्यसभा में नहीं भेजती है तो कांग्रेस को उसके परिणाम भुगतना पड़ेंगे। अजा वर्ग के निष्ठावान लोगों की हकमारी के खिलाफ आरपार की जंग छिड गई है। कांग्रेस विचारधारा के साथ खड़े रहने वाले मूल कांग्रेस नेताओं को दरकिनार कर कांग्रेस में दूसरी पार्टियों से आए नेताओं को मलाईदार पद बांटे जा रहे हैं। कोली ने कहा कि दलित नेता सुरेन्द्रकुमार चौधरी जो कांग्रेस अजा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए संगठन मजबूत किया उनकी अनदेखी से कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। दलित नेता की उपेक्षा कर किसी भारी या अवसरवादी चेहरों को थोपा गया तो इसके गंभीर परिणाम कांग्रेस को भुगतना होंगे। जल्द ही एक दलित नेताओं का संयुक्त प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात करेंगे और मांग करेगे कि अब केवल वफादारों को ही प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

# सोडानी के यहां राम जन्मोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी समाज से जुड़े अजय सोडानी ने आज अपने विश्वकर्मा नगर निवास के सामने बगीचा में भगवान राम के मंदिर पर राम नवमी भगवान राम का जन्मोत्सव आयोजित किया है। आज सुबह के आयोजन के बाद शाम को 7 बजे महाआरती होगी, जिसमें साधु-संत, माहेश्वरी समाजजन और राजने्ता से लेकर अन्य भी शामिल होंगे। इस आरती के बाद प्रसादी का आयोजन भी रखा गया है।

# जनप्रतिनिधि और भाजपाई रहेंगे मुख्यमंत्री के भूमिपूजन आयोजन में शामिल

**1356 क़रोड की योजना में 40 टंकियों का निर्माण भी होगा**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दशहरा मैदान पर 29 मार्च को 1356 करोड़ की बड़ी जल परियोजना का शुभारंभ करेंगे। आज इस मामले में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा ने बताया कि नर्मदा के चतुर्थ चरण परियोजना में इंदौर को अमृत जल की सौगात मुख्यमंत्री देंगे और भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, महेन्द्र हार्डिया, मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, मनोज पटेल, उषा ठाकुर एवं भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित अन्य भी मौजूद रहेंगे। यह बड़ी योजना है जो इंदौर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत इस परियोजना से इंदौर में 24×7 जलापूर्ति सुनिश्चित किया जाएगा, भविष्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त 400 एम.एल.डी. जलापूर्ति सुनिश्चित की जावेगी। 39 किलोमीटर लंबी ग्रेविटीमेन पाइप लाइन से शहर के विभिन्न हिस्सों तक जल पहुंचाया जाएगा वांचू पाईन्ट से राऊ सर्कल तक 2235 मिमी व्यास की लगभग 39 किलोमीटर लंबी ग्रेविटीमेन पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा जो शहर के विभिन्न हिस्सों तक जल को सुचारू रूप से पहुंचाने का कार्य करेगी। इसके साथ ही 3 प्रमुख स्थानों पर लगभग 2870 मीटर लंबाई में आधुनिक तकनीक से टनल निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त राऊ सर्कल पर क्लोरिनेशन सिस्टम की स्थापना कर जल की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे नागरिकों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। इस पैकेज की लागत 448.23 करोड़ रु. है तथा कार्य 30 माह में पूर्ण किया जाना लक्षित है। 40 नई टंकियों का निर्माण, 1600 किमी से अधिक लाईन बिछायी जाएगी, 40 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे, 76 पुराने टैंकों का उन्नयन होगा। 15 से 35 लाख लीटर क्षमता के 20 नए ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जाएगा तथा 29 मौजूदा टैंकों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इन टैंकों को जोड़ने के लिए 400 से 600 मिमी व्यास की लगभग 27.4 किलोमीटर लंबी फीडर पाइप लाइन तथा 1200 मिमी व्यास की 4.7 किलोमीटर ग्रेविटी मेन लाइन बिछाई जाएगी। साथ ही लगभग 685 किलोमीटर की डिस्ट्रीब्यूशन लाईन बिछाने का कार्य किया जाएगा, जिसमें डीआई एवं एचडीपीई पाइप लाइन शामिल होंगी। 20 नए ओवरहेड टैंक का निर्माण तथा 46 मौजूदा टैंकों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही 400 से 700 मिमी व्यास की लगभग 25.82 किलोमीटर लंबी फीडर लाइन विकसित की जाएगी और लगभग 892 किलोमीटर लंबी वितरण पाइप लाइन बिछाई जाएगी। करीब 2.47 लाख नए घरेलू कनेक्शन दिए जाएंगे। 1 लाख 26 हजार घरेलू जल संयोजन दिये जाने का कार्य किया जायेगा तथा 1 लाख 8 हजार से अधिक वाटर मीटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे 24×7 दबावयुक्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस पैकेज की लागत 410.50 करोड़ रुपए है तथा कार्य 36 माह में पूर्ण किया जाना लक्षित है। लगभग 1 लाख 21 हजार घरेलू जल संयोजन दिये जाने का कार्य किया जायेगा तथा 1 लाख 62 हजार से अधिक वाटर मीटर लगाए जाएंगे, जिससे जल वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं स्मार्ट बनाया जा सके। इस पैकेज की लागत 497.23 करोड़ रुपए है तथा कार्य 36 माह में पूर्ण किया जाना लक्षित है। 29 गांवों तक नर्मदा जल पहुंचाने का लक्ष्य भी है और स्मार्ट सिस्टम से रोजाना 24 घंटे जलापूर्ति हो। साथ में लीकेज और पानी की बर्बादी नहीं हो इस पर भी ध्यान रखा जाएगा।

## हर दिन बढ़ रहा है एक डिग्री तापमान

### सोमवार से शुरू हुआ सिलसिला बना हुआ है निरंतर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**पिछले सोमवार से इंदौर में तापमान बढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है जो अभी तक निरंतर बना हुआ है। इसके अंतर्गत हर दिन एक डिग्री सेल्सियस का तापमान बढ़ते जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को गर्मी चुभने लगी है।**

सोमवार को इंदौर शहर का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस था जो की मंगलवार को बढ़कर 34.9 डिग्री सेल्सियस हो गया फिर बुधवार को यह तापमान 35 डिग्री सेल्सियस गुरुवार को 36 डिग्री सेल्सियस और आज शुक्रवार को 37.2 डिग्री सेल्सियस हो गया है। ऐसा नहीं है कि केवल अधिकतम तापमान में ही वृद्धि हो रही है न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि हो रही है सोमवार को इंदौर का न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस था जो कि मंगलवार को कम होकर 17.4 पर आया लेकिन बुधवार को वापस 18 डिग्री सेल्सियस हो गया गुरुवार को यह बढ़कर 18.8 डिग्री सेल्सियस हो गया और अब आज शुक्रवार को 19 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। तापमान में आ रहे इस परिवर्तन के कारण लोगों को तेज गर्मी महसूस होना शुरू हो गई है। दोपहर के समय पर तो सूरज की किरणें मानो काटने के लिए ही दौड़ती है। गर्मी का असर अभी मार्च माह के समापन की बेला में ही इतना ज्यादा हो गया है तो इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मई का महीना आने तक यह गर्मी कितनी बढ़ जाएगी।

# 3 लाख के उधारी विवाद में की थी दोस्त की हत्या

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**रावजी बाजार थाना क्षेत्र के हाथीपाला में बीती रात हुई युवक की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने चंद घंटों में सुलझा लिया है। पुलिस ने फिरोज उर्फ कालू की हत्या के मामले में उसके ही दोस्त अरबाज को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि यह पूरी वारदात महज उधारी के रुपयों के लेनदेन के विवाद में अंजाम दी गई थी।**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, चम्पाबाग निवासी आरोपी अरबाज ने पठान मोहल्ला निवासी फिरोज उर्फ कालू को करीब 3 लाख रुपये उधार दिए थे। फिरोज लंबे समय से यह रकम वापस नहीं लौटा रहा था, जिसे लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती रहती थी। बुधवार रात भी इसी बात को लेकर हाथीपाला क्षेत्र में विवाद शुरू हुआ। जब फिरोज ने पैसे देने से फिर आनाकानी की, तो अरबाज ने आपा खो दिया और पास रखे धारदार चाकू से फिरोज पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।एडिशनल



डीसीपी दिशेष अग्रवाल के नेतृत्व में गठित टीमों ने वारदात के बाद से ही आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया था। तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने फरार अरबाज को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। आरोपी ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

### पुलिस की मुस्तैदी : घेराबंदी कर पकड़ा आरोपी

एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल के नेतृत्व में गठित टीमों ने वारदात के बाद से ही आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया था। तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने फरार अरबाज को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। आरोपी ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और हत्या में इस्तेमाल हथियार के संबंध में भी जानकारी दी है।

### आज दोपहर होगा औपचारिक खुलासा

रावजी बाजार थाना पुलिस इस पूरे मामले का औपचारिक खुलासा आज दोपहर को करेगी, जिसमें हत्या की क्रोनोलॉजी और बरामद किए गए साक्ष्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। रावजी बाजार थाना पुलिस इस पूरे मामले का औपचारिक खुलासा आज दोपहर को करेगी, जिसमें हत्या की क्रोनोलॉजी और बरामद किए गए साक्ष्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## केविएट दायर करने संबंधी सूचना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वरिष्ठ जिला पंजीयक इन्दौर ने बताया कि 'मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम 2018' के तहत प्रदेश के समस्त जिले में अचल संपत्तियों के मूल्य निर्धारण हेतु केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्राप्त हुआ है। उक्त विषयक यह संभावना है कि गाइडलाइन संबंधी प्रकिया के विरूद्ध उच्च न्यायालय इन्दौर में याचिका दायर की जा सकती है। महानिरीक्षक पंजीयन भोपाल के आदेशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया गया है कि याचिका दायर करने के पूर्व याचिका की एक प्रति कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन, एवं अधीक्षक मुद्रांक एवं पंजीयन भवन, प्लॉट नंबर 35-ए, अरेरा हिल्स, भोपाल में सुनवाई दिनांक से पूर्व प्रेषित करें।

# सुबह से पूरे प्रशासन ने डाला दशहरा मैदान पर डेरा

### सभी विभागों के अधिकारी एक साथ लगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के रविवार को दशहरा मैदान पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारी को आकार देने के लिए सुबह से ही सारे विभाग के अधिकारियों ने दशहरा मैदान पर डेरा डाल दिया। सभी विभागों के अधिकारी एक साथ वहां पर लगे हुए हैं।**

कल से ही जिला प्रशासन नगर निगम इंदौर विकास प्राधिकरण जिला पंचायत और लोक निर्माण विभाग के लिए तो दशहरा मैदान कार्यक्रम स्थल एक तीर्थ स्थल के रूप में तब्दील हो गया है। कल सुबह से रात तक इन विभागों के अधिकारियों ने कम से कम पांच बार मौके पर जाकर दौरा किया है। कल प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा वीडियो कांफ्रेंस रखी गई थी। इस वीडियो कांफ्रेंस में कलेक्टर शिवम वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन और अन्य अधिकारी शामिल हुए। यह वीडियो कॉन्फ्रेंस रात करीब 7:30 बजे समाप्त हुई। जैसे ही यह वीडियो कॉन्फ्रेंस समाप्त हुई वैसे ही सारे अधिकारी दशहरा मैदान के लिए रवाना हो गए।

इसके बाद वहां पर अधिकारियों ने करीब 1 घंटे का वक्त लगाते हुए कार्यक्रम की तैयारी को आकार देने की कोशिश की। आज सुबह से ही नगर निगम के सारे अधिकारियों सहित अपर आयुक्त दशहरा मैदान पर पहुंच गए थे। इसके साथ ही निगम के विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष भी

### कल भी पहुंचे थे अधिकारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 मार्च को दशहरा मैदान में संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री करोड़ों के तीन पैकेजो जल परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। कलेक्टर शिवम वर्मा सहित सम्बंधित अधिकारी कल दशहरा मैदान पहुंचे। आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को व्यवस्था संबंधी दायित्व भी सौंपे। निगम आयुक्त शिक्षित सिंघल भी मौजूद रहे।

दशहरा मैदान पर ही डेरा डाल चुके थे। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर के साथ में अपर कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर भी वहीं पर डटे हुए है। लोक निर्माण विभाग और इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे। इस समय सभी विभागों के अधिकारियों का लक्ष्य कार्यक्रम को बेहतर बनाना है।

# नगर निगम का बजट सम्मेलन टला, हटाया टेंट

## मुख्यमंत्री 29 मार्च को इंदौर में रहेंगे, अमृत योजना का भूमि पूजन और जलूद सौलर प्लान्ट का लोकार्पण करेंगे

### अब 7 और 8 अप्रैल को होगा आयोजित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम का बजट सम्मेलन 28 और 30 मार्च को आयोजित होने जा रहा था, जिसमें महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा शहर के विकास हेतु 8600 करोड़ का प्रावधान किया है। नगर निगम के परिषद विभाग ने बजट सम्मेलन की तैयारियां नगर निगम परिसर में कर ली थी, यहां भोजन के लिए टेंट भी लगाया दिया गया था, परिषद सभागृह में भी साउंड एंड लाइट टेस्टिंग की जा रही थी, लेकिन अचानक बजट सम्मेलन फिलहाल निरस्त करने की सूचना परिषद विभाग को मिली और कहा गया कि बजट सम्मेलन 28 और 30 मार्च को नहीं होगा, टेंट हटाया जाए, जिसके बाद निगम परिसर के स्टोर डिपार्टमेंट के पास लगा टेंट हटाया गया।

टेंट निकाला, सभागृह माइक बदले- परिषद विभाग के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों निर्देश पर बजट सम्मेलन की तारीखें बदली जा रही है। 28 और 30 मार्च के बजाए अगले माह अब 7 अप्रैल को बजट पेश किया जाएगा और 8 अप्रैल को बजट पर बहस होगी। फिलहाल हमारी पूरी तैयारियां हो चुकी थी। तारीख बदलने की सूचना हमने संबंधित विभाग को दे दी है।

निगम बजट इसलिए बढ़ाया आगे- वहीं सुत्रों के मुताबिक 28 मार्च को बजट पेश होना था, 29 को रविवार होने के कारण बहस 30 मार्च सोमवार को रखी गई थी, लेकिन 29 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर आ रहे है, इसके लिए दशहरा मैदान पर कार्यक्रम तय किया गया है। इसलिए नगर निगम ने बजट सम्मेलन को आगे बढ़ा दिया गया है। बताया जा रहा है कि महापौर और निगम के अधिकारियों ने जब सीएम के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की तो अधिकारियों ने बताया कि सीएम के आयोजन के लिए दो तीन दिन पहले से तैयारी करने की बात कही गई, निगम अधिकारियों ने बजट सम्मेलन को आगे बढ़ाने का आग्रह महापौर से किया गया जिसके बाद सम्मेलन को आगे बढ़ाया गया।

वही 29 मार्च को दशहरा मैदान पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सेवा संकल्प अभियान, अमृत योजना विकास कार्यों का भूमि पूजन, एवं जलूद सौलर प्लांट का लोकार्पण सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे।। नगर निगम वर्तमान में उक्त कार्यक्रम की तैयारी में जुटा हुआ है ऐसी स्थिति में बजट सम्मेलन करना संभव नहीं था इसीलिए इसको आगे बढ़ाया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को दशहरा मैदान पर तैयारी का जायजा लिया।



## निगम ने आधा-अधूरा मकान तोड़ा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जेल रोड क्षेत्र में नगर निगम द्वारा नोटिस देने के बाद भी निर्माण को पूरी तरह नहीं तोड़ा गया। निगम टीम ने केवल कुछ हिस्सा तोड़कर कार्रवाई अधूरी छोड़ दी, जिससे स्थानीय लोगों में नाराज़गी है। रहवासियों का कहना है कि आधा टूटा हुआ मकान अब खतरा बन गया है। कभी भी गिरने की आशंका बनी रहती है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों की जान जोखिम में है। इसके अलावा मलबा सड़क पर फैला होने से दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों का आरोप है कि इंदौर नगर निगम की यह लापरवाही बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि या तो निर्माण को पूरी तरह हटाया जाए या फिर सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम किए जाएं।

# अब चिड़ियाघर में बनेगा 35 करोड़ का टनल एक्वेरियम

### अभी अहमदाबाद के साइंस पार्क में है इस तरह का एक्वेरियम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा प्राणी संग्रहालय में 35 करोड रुपए की लागत से टनल एक्वेरियम बनाया जाएगा। अभी इस तरह का एक्वेरियम अहमदाबाद की साइंस सिटी में बना हुआ है। यह एक्वेरियम अपने आप में अनोखा होता है और चिड़ियाघर में जाने वाले दर्शकों के लिए एक अलग आनंद की अनुभूति देने वाला होगा।

नगर निगम के द्वारा इंदौर के प्राणी संग्रहालय को विकसित करने और वहां नई-नई सुविधाएं जुटाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब नगर निगम के द्वारा प्राणी संग्रहालय में प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के आधार पर टनल एक्वेरियम का निर्माण करने की पहल की गई है।

इस बारे में चिड़ियाघर के प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि इस तरह का एक्वेरियम अभी अहमदाबाद की साइंस सिटी में मौजूद है। अब इस तरह के एक्वेरियम योजना को मंजूरी दी गई है। इस तरह के एक्वेरियम के निर्माण पर करीब 35 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। यह कार्य नगर निगम के द्वारा निजी क्षेत्र की भागीदारी से कराया जा रहा है। इस कार्य को करने में संबंधित व्यक्ति को एक साल का वक्त लगेगा।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा जो प्रस्ताव मंजूर किया गया है उसके अनुसार इस चैनल का निर्माण करने वाली एजेंसी को ही 30 साल के लिए टनल के संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी। इस अवधि में यह एजेंसी अपनी लागत को निकाल कर लाभ अर्जित कर सकेगी। इस टनल के कार्य को सीधी भाषा में समझाते हुए उन्होंने कहा कि एक पाइप रहेगा इसके अंदर से लोग निकलेंगे और उनके सर पर, हाथ के पैर के आसपास मछलियां तैरती हुई नजर आएगी। इस तरह के टनल को देखने और उसका आनंद प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में लोग विदेश यात्रा करते हैं। अब यह रोमांस उन्हें उनके अपने शहर इंदौर में भी मिल सकेगा। इसके लिए निगम के द्वारा इच्छुक एजेंसी से 24 अप्रैल तक प्रस्ताव बुलवाए गए हैं।

## बिजासन माता मंदिर को लेकर ज्ञापन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बिजासन सांस्कृतिक चेतना सेवा समिति के भूपेन्द्र पोत्दार, संजय तिवारी ने बताया कि बिजासन माता मंदिर टेकरी पर है जहां नौ देवियां शक्तिपीठ के रूप में स्थापित है। 21 एकड क्षेत्र में से 2 एकड परिसर में माता मंदिर और जगह है, बीएसएफ, वन विभाग द्वारा जमीन चिन्हित की गई है, इसी कारण नवरात्रि में श्रद्धालुओं को दिक्कत आती है। इस मामले में समिति पदाधिकारियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात कर पूरी जानकारी दी। यहां मेला और पार्किंग के लिए ठीक से जगह नहीं बची है, नवरात्रि में बडी संख्या में श्रद्धालु यहां पहचते है। केन्द्र और प्रदेश सरकार से मंत्री विजयवर्गीय चर्चा करे और इस पूरी जगह को माता बिजासन के लिए सुरक्षित करवाएं।





### दो अन्य पर भी की कार्रवाई

## एक ट्राली कचरा पर 50 हजार का स्पाट फाइन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

वार्ड क्र. 16 स्कीम नंबर 155 खुले मैदान में आरजे कन्फेक्शनरी उद्योग द्वारा एक ट्रॉली फैक्ट्री का कचरा फेंका गया था। टीम बेसिक्स द्वारा मॉनिटरिंग की गई थी। कचरे में एविडेंस मिलने पर मौके पर विवेक यादव, सत्येंद्र तोमर फैक्ट्री पर जाकर फैक्ट्री मालिक का 50 हजार रुपये का स्पॉट फाइन बनाया गया। दोबारा बाहर कचरा ना फेंकने के लिए समझाईश दी गई। वहीं ड्रेनेज सिस्टम में केमिकल युक्त अपशिष्ट छोड़े जाने पर नाहटा प्लास्टिक पर 20 हजार रु. और आरके ट्रेडिंग पर भी 20 हजार रु. का स्पाट फाइन किया गया। इस तरह तीन स्थानों पर 90 हजार रु. का स्पाट फाइन किया।

## मां अन्नपूर्णा के दर्शन में भाजपा और कांग्रेस नेता को पहनाई फूलमाला

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कल महाअष्टमी पर माँ अन्नपूर्णा के दर्शन करने कांग्रेस नेता दिलीप राजपाल और उनके साथ डॉ, अब्दुल गफ्फार खान, अनोखीलाल आंगदेले, राजेश राव, किशन भालसे पहुंचे थे। बाहर पूर्व पार्षद भाजपा नेता राजेन्द्र जायसवाल से भी दिलीप राजपाल सहित अन्य की चर्चा हुई। पूर्व पार्षद सहित कांग्रेस नेताओं ने एक साथ मंदिर परिसर पहुंचकर अन्नपूर्णा मंदिर में विराजित तीनों देवियों के दर्शन किए। पुजारी ने दिलीप राजपाल और उनके साथियों के साथ भाजपा पार्षद रहे राजेन्द्र जायसवाल को भी माता को अर्पण फूल माला पहनाई।



## तोमर जिला उपाध्यक्ष बने



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे की सहमति से जयेश तोमर को इंदौर एनएसयूआई का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष रजत पटेल ने इस नियुक्ति पर बधाई दी।



# प्रगट भए भगवान राम... मंदिरों में हुई जन्म आरती, गूंजे घंटे-घड़ियाल

## लगा पंजेरी का भोग, शाम को निकलेगी यात्राएं

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव आज नवरात्रि की नवमी को मनाया जा रहा है। भगवान राम मंदिरों में रामनवमी पर्व मनाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक राम मंदिरों में विशेष श्रृंगार दर्शन करने श्रद्धालु पहुंच रहे है। आज दोपहर 12 बजे जन्म आरती मंदिरों में की जा रही है। घंटे-घडियाल बजाए जा रहे है। शंखनाद और उदघोष भी हो रहे है। माता जानकी के भी जयकारे लगाए जा रहे है, राम मंदिरों में भगवान राम और हनुमानजी के विशेष श्रृंगार हुए है।

क़ई जगह प्रभातफेरी निकाली गई, कई जगह आज शाम भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ भी होंगे। आज सुबह भगवान के नाम जाप के साथ परिक्रमा निकली। अभिषेक किया गया, स्त्रोत पाठ प्रारम्भ हो गए है। मनसादेवी भगवती ग्रुप द्वारा सियागंज मंदिर के बाहर फरियाली प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

## शहर के मध्य निकलेगी श्रीराम शोभायात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय युवा मंच के तत्वावधान में श्रीराम शोभायात्रा का आयोजन आज राम नवमी के अवसर पर शाम 5.30 बजे शहर के मध्य महालक्ष्मी मंदिर सिलावटपुरा से मध्य क्षेत्र में निकाली जाएगी। आयोजन से कैलाश शर्मा, देवेन्द्रसिंह रावत, विजय देवड़ा जुड़े हुए हैं।

## स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों के व्यापक शैक्षणिक हितों एवं भविष्य की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए, स्नातक (द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष) तथा स्नातकोत्तर (तृतीय सेमेस्टर) के परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश नवीनीकरण के लिए विशेष अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ दिवा मिश्रा ने बताया कि यह विशेष सुविधा उन विद्यार्थियों के लिए प्रदान की गई है, जो प्रवेश नवीनीकरण के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पूरक परीक्षा परिणामों की घोषणा के कारण नियत समय-सीमा में अपनी प्रवेश औपचारिकताएं पूर्ण करने से वंचित रह गए थे। प्रवेश पोर्टल को 28 मार्च तक सक्रिय किया जा रहा है। संबंधित विद्यार्थी, इस विस्तारित अवधि का लाभ उठाकर अपने प्रवेश नवीनीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

# आज भी घरों में कुलदेवी का पूजन

## माता मंदिरों में आस्था की दरकार कन्याओं का पाद-पूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज नवरात्रि का अंतिम दिन है और आज इस अंतिम दिन में भगवान राम का जन्मोत्सव भी मनाया जा रहा है। इधर आज भी बड़ी तादाद में घर की कुलदेवी का पूजन नवमी पर भी किया जा रहा है। आज भी घरों में कन्या पादपूजन और कन्याओं का भोजन का आयोजन हो रहा है। आज इस चैत्र नवरात्रि की महानवमी पर माताओं के पूजन के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव भी मनाया जा रहा है। मंदिरों में आरती की जा रही है, घरों में माता पूजन हो रहा है, कल देर रात तक माता मंदिरों में आस्था की दरकार के रूप में दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, खासतौर से बिजासन, अन्नपूर्णा माता मंदिर पर श्रद्धालुओं इन प्राचीन मंदिरों में स्थापित देवियों के दर्शन करने पहुंचे। आज अलसुबह से श्रद्धालुओं का मंदिर में पहुंचना जारी है। आज माता भक्तों के लिए दोहरा काम है, एक तरफ घर की कुलदेवी, दूसरी तरफ कन्या पूजन और दोपहर 12 बजे भगवान राम का पूजन व आरती का आयोजन भी किया जा रहा है।

# साकेतधाम में विराजे रणजीत बाबा तो भगवान राम के स्वरूप में सजे अलिजा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्म नवमी पर उनके प्रिय हनुमानजी के मंदिर रणजीत हनुमान मंदिर पर साकेतधाम के रूप में विशेष श्रृंगार किया गया है। अन्दर गुलाब के फूल और बाहर मोगरा का श्रृंगार आज मंदिर को महका रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु आज दर्शन के लिए पहुंचे हैं। वहीं पंचकुइया स्थित वीर अलीजा दरबार में भी हनुमानजी का श्रृंगार भगवान राम के रूप में किया गया है। आज सभी हनुमानजी के मंदिर पर सुबह से श्रद्धालुओं की दर्शन भीड़ है। भगवान राम के मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है, आरती का दौर भी शुरू हो चुका है, भगवान राम की जन्म नवमी मनाई जा रही है।



## डाउन सिंड्रोम से ग्रसित बच्चों हेतु हेल्थ कैम्प



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नेशनल ट्रस्ट ऑफ इंडिया की लोकल लेवल कमेटी एवं सिन्ड्रोम फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में, इंदौर एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से डाउन सिंड्रोम से ग्रसित बच्चों हेतु हेल्थ कैम्प, पालकगणों से चर्चा तथा समस्या/निदान संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (डीडीआरसी), परदेशीपुरा, इंदौर में आयोजित किया गया।

# डिपो और पम्प पर पर्याप्त पेट्रोल और डीजल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुचारू बनी हुई है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर कल सुबह 6 बजे से मांगलिया स्थित एचपीसीएल, भारत पेट्रोलियम एवं इंडियन ऑयल के डिपो पर टैंकरों में ईंधन भरने का कार्य तेज गति से प्रारंभ कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9 बजे तक मांगलिया डिपो से हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 24 टैंकर लोरियां,



भारत पेट्रोलियम की 34 तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की 15 टैंकर लोरियां 'कुल 73 टैंकर लॉरी' विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुंच चुकी थी। डिपो पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध है और पूरी क्षमता के साथ टैंकरों को भरा जा रहा है। जिला प्रशासन की टीम सुबह 5 बजे से ही सक्रिय होकर मांगलिया डिपो तथा फील्ड के पेट्रोल पंपों का सतत निरीक्षण कर रही है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह अपना इंडेंट लगाने की अग्रिम कार्रवाई करेंगे और किसी प्रकार से पेट्रोल पंप ड्राइ ना रहे इसकी समुचित तैयारी सेल्स ऑफिसर तेल कंपनियों एवं पंप संचालक करना सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा यह भी सख्त निर्देश सभी पंप संचालक को और ऑयल कंपनी के सेल्स ऑफिसर को दिए गए हैं कि किसी प्रकार से पेट्रोल डीजल केन बोतल आदि में नहीं देंगे, ऐसा करने वाले संचालक और उनके कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## डायवर्सन राशि बकाया होने पर फार्म हाऊस सील



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार एवं एसडीएम के आदेश पर ग्राम टिगरियाराव, कनाडिया स्थित स्नेह जी फार्म हाउस पर राजस्व अमले द्वारा कार्रवाई करते हुए परिसर को सील किया गया। भूमि स्वामी हिमालय गृह निर्माण सहकारी संस्था, तरफे विजय कुमार पिता मोहनलाल लुंकड पर डायवर्सन राशि के रूप में 13 लाख 76 हजार 600 रुपए की बकाया राशि लंबित थी। उक्त प्रकरण में संबंधित को कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद राशि जमा नहीं कराई गई थी। इसके फलस्वरूप कल राजस्व टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्नेह जी फार्म हाऊस को सील किया गया।

## अस्पताल की सिटी स्कैन एवं सोनोग्राफी मशीन सील



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में कल एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक निजी अस्पताल की सिटी स्कैन एवं सोनोग्राफी मशीन को सील कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि दयाल बाग कॉलोनी खण्डवा रोड स्थित इंदौर ट्रामा सेन्टर प्रायवेट लिमिटेड की टीम बनाकर निरीक्षण करवाया गया। जिसमें पाया गया कि अस्पताल में पाँच से अधिक अपंजीकृत चिकित्सक सोनोग्राफी/ईको सम्बन्धी कार्य कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान एक सिटी स्कैन मशीन संचालित पायी गयी गयी, जो कि अपंजीकृत थी। निरीक्षण टीप के आधार पर सम्बन्धित अस्पताल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा के निर्देशानुसार 26 मार्च को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मला अखण्ड के साथ पीसीपीएनडीटी दल मौके पर भेजकर इन्दौर ट्रामा सेन्टर प्रायवेट लिमिटेड अस्पताल में स्थित सोनोग्राफी मशीन एवं सिटी स्केन मशीन तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुये सीलबन्द की गयी एवं पीसीपीएनडीटी प्रमाण पत्र नवीनीकरण पर रोक लगायी गयी एवं टीम द्वारा पंचनामा बनाकर कार्यवाही की गयी।

# बंगाली समाजजनों ने की बासंती पूजा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बंगाली समाज नवरात्रि में बासंती पूजा महोत्सव का आयोजन कर रहे है। यह आयोजन कल 28 मार्च तक चलेगा। समाज के नीमाई चांद बेरा ने बताया कि एन आर वाटिका अरिहंत नगर गोमटगिरि जम्बूडी हप्सी पर विराजित मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, कार्तिकेय और भगवान गणेश



की प्रतिमाओं पर श्रृंगार विभिन्न अनुष्ठान, हवन और बंगाली सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कल महाष्टमी पर देवीर अष्टमी विहित पूजा, पुष्पांजलि, संधी पूजा सम्पन्न हुई। इसके बाद समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की। कमल पात्र, अभिजीत पात्र आशीष मानना, राजू सामंत, गणेश दास सुदीप बेरा का विशेष सहयोग रहा।

# जैन ग्रुप करेगा भजन संध्या

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा.जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर रविवार,29 मार्च को भजन संध्या रात्रि 7 बजे से आओ करे दिल की बात महावीर के साथ के नाम से राजबाड़ा परिसर मुख्य हाल में आयोजित की जाएगी। 70 महिलाओं द्वारा मंगलाचरण,वंदे मातरम् गाया जाएगा और महिलाओं द्वारा संचालित बैंड की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। संगीता धारीवाल, बिंदिया मेहता, वंदना मंडलेचा, अनिता जैन, सुनीता कटकानी, निधि चौधरी, अनिता बाफना आयोजन से जुडी है।

# नादब्रह्म की महफिल सजेगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लाभ मंडपम सभागार में 'नादब्रह्म' में 29 मार्च रविवार को शाम 4.30 बजे से गीत-संगीत की महफिल सजाई जाएगी। ममता मेहता ने बताया कि चिकित्सा और व्यवसायी जगत के प्रमुख लोग भी अपने हूनर का प्रदर्शन करेंगे। डॉ. अमिताभ गोयल, डॉ. संजय भटनागर, डॉ.मिताली श्रीमाल और डॉ. सुरेखा सोनी, आशुतोष कडेल, मयंक खंडेलवाल एवं नरेश शुक्ला अपनी भूमिका निभाएंगे।

# मानावत का सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

स्कूल परिसर के आडिटोरियम में मुख्य समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश मानावत को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रदेश का प्रतिष्ठित सम्मान देवार्थ अवार्ड्स से लेफ्टिनेंट कर्नल श्री राहुल जी बोरासकर एवं स्कूल डायरेक्टर टिम्सी राय ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।





# दांत और नाक, कान, गला को लेकर जागरूकता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल ने स्माइल डेंटल चेंज अभियान के साथ मिलकर सदर बाजार क्षेत्र में दांतों और नाक-कान-गला जागरूकता अभियान किया गया, जिसमें 200 से अधिक लोगों की जांच की गई। डॉ. सूर्यांश दिल्लीवाल, डॉ. सुरेन्द्र दिल्लीवाल ने सेवाएं दी।

# एक सप्ताह मंडी बंद करने का विरोध

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा मार्च में अवकाश दिवसों में भी मंडियों का संचालन सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद स्थानीय मंडियों में एक सप्ताह तक बंद रखने जैसी स्थिति सामने आ रही है, जो सीधे-सीधे मंडी बोर्ड के आदेशों की अवहेलना है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने कड़े शब्दों में कहा कि एक सप्ताह मंडी बंद रहने से किसान गंभीर आर्थिक संकट में आ जाएंगे। वर्तमान समय में सोसायटी के ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित है, वहीं किसानों को शादी-ब्याह एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भी पैसों की तत्काल आवश्यकता रहती है। ऐसे में मंडी बंद रहने से किसानों की उपज का विक्रय बाधित होगा और वे आर्थिक रूप से परेशान होंगे।

# मठ पर दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हंसदास मठ पर महामंडलेश्वर रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर पवनदास महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव का शुभारंभ 1 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे अखंड रामायण पाठ के साथ होगा। शाम 7 बजे पंचमुखी चिंताहरण हनुमानजी के विग्रह का अभिषेक होगा। भक्तों को अभिमंत्रित कवच का वितरण भी किया जाएगा। गुरुवार 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के मुख्य महोत्सव पर सुबह 6.30 बजे जन्मोत्सव आरती के पश्चात शाम 4 बजे अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति और हवन होगा। शाम 6.30 बजे से हनुमानजी को 56 भोग समर्पित कर चोला समर्पित करेंगे तथा श्रृंगार दर्शन एवं महाआरती के पश्चात संगीतमय सुंदर काण्ड का पाठ होगा। शाम 7 से 10 बजे तक महाप्रसादी का आयोजन भी होगा।

# शतचंडी महायज्ञ में 1.51 लाख आहुतियां

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री श्रीविद्याधाम मंदिर में कल महाअष्टमी पर 21 विद्वानों के मार्गदर्शन में 21 यजमान युगलों द्वारा हवन में व्यंजनों की आहुतियां समर्पित की गई। डेढ़ लाख से अधिक आहुतियां दी गई। आज महानवमी है। आज भी विशेष आहुतियां समर्पित की जा रही है। वहीं आज दोपहर 12 बजे भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इसके पूर्व आज श्रीराम महायज्ञ भी हुआ। शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति दोपहर 3 बजे से होगी।



# संत भवन का शिलान्यास और ध्वज का लोकार्पण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रामचंद्र नगर में संत भवन के शिलान्यास एवं विश्व शांति हेतु जियो और जीने दो की एक आध्यात्मिक पहल के ध्वज लोकार्पण एवं वर्धमान 2550 समूह के टी-शर्ट केप के विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुनि आदित्य सागर म.सा. ने उदबोधन भी दिया। नकुल पाटोदी, ओम पाटोदी, स्वप्निल जैन अभय पाटोदी व चहेती पाटोदी सहित अन्य मौजूद थे।

# आज से हेडगेवार के जीवन पर नाट्य की प्रस्तुति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री गुरुजी सेवा न्यास द्वारा संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित प्रेरक नाट्य 'युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार' का मंचन तीन दिनों तक किया जाएगा, जिसकी शुरूआत आज शाम 7 बजे से 9.30 बजे तक होगी। डॉ. हेडगेवार के जीवन के प्रसंगों की प्रस्तुति दी जाएगी। संदीप जमींदार ने बताया कि तीन दिनों तक इस नाट्य को नागपुर के सुप्रसिद्ध नाट्य मंच 'नाद ब्रह्म' द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा तथा नागपुर से 50 कलाकारों द्वारा इसका मंचन किया जायेगा

# बगुलामुखी सिद्धपीठ पर हवन में आहुतियां



**इंदौर ( सिटी बलस्ट प्रतिनिधि )।** बगुलामुखी सिद्धपीठ चन्द्रलोक कालोनी, आनन्द बाजार क्षेत्र में महामंडलेश्वर प्रेमानन्द महाराज के सानिध्य में कल महाष्टमी पर यज्ञ किया गया। माँ दुर्गा की आरती भी की गई। रोमा मल्होत्रा, सूरज कैरो, हरिनारायण सहित अन्य मौजूद थे।



# तहसीन को मिला प्रतीक चिन्ह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देहली इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा दूसरी की छात्रा आयत तहसीन खान ने उत्तम स्थान प्राप्त कर सफल होने पर स्कूल प्रबंध ने सभी बच्चों को बधाई के साथ ही प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# फातमा बी का इंतकाल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** छीपा देहलवी जमात के सदर अनवर देहलवी ने बताया कि समाजसेवी और बम्बई बाजार क्षेत्र से जुड़े सलीम लाइक, जफर, इकबाल, सलाउद्दीन की वालदा फातमा बी का इंतकाल हो गया। आज उन्हें महूनाका कब्रिस्तान में दफनाया जा रहा है। सोयम की फातिहा 29 मार्च की सुबह 9 बजे मीनारा मस्जिद बम्बई बाजार में होगी।

# इंदौर सहित रतलाम मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर मिलेगा शुद्ध और सुरक्षित भोजन

## मंडल की नई पहल : अब खान-पान के स्टालों पर टीपीसी मशीनों से होगी तेल की नियमित जांच

**इंदौर।** पश्चिम रेलवे द्वारा रतलाम मंडल के अन्तर्गत आने वाले अपने सभी प्रमुख स्टेशनों के यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जिसके तहत अब आने वाले दिनों में मंडल द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की जा रही है। जिसके तहत रेलवे स्टेशनों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा तलने में उपयोग किए जाने वाले तेल की अब अधिकारियों द्वारा नई आधुनिक टीपीसी मशीनों से नियमित जांच की जाएगी। जिसके तहत टीपीसी (टोटल पोलर कंपाउंड) मशीनों का उपयोग कर खान पान के स्टॉल पर संचालकों द्वारा उपयोग किए जा रहे तेल की शुद्धता की नियमित जांच हो सकेगी।

### रेलवे द्वारा यात्रियों को शुद्ध भोजन उपलब्ध कराने में होगी उपयोगी

वहीं रतलाम मंडल के पीआरओ मुकेश कुमार ने बताया मंडल की वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती हीना वी. केवलरामानी के निर्देशन में यह नवाचार की शुरूआत की जा रही है, जो रेलवे द्वारा अपने यात्रियों को स्टेशन पर शुद्ध भोजन उपलब्ध कराने में बेहद उपयोगी साबित होगी।जिसके तहत पहले चरण में 8 नई मशीनों से जांच की शुरूआत होगी।जिसके लिए निरीक्षकों को बकायदा ट्रेनिंग भी दी जा रही है। वर्तमान में रतलाम



मंडल द्वारा शुरूआत में 8 टीपीसी मशीनें क्रय की गई हैं, जिन्हें मंडल के सभी सेक्शनल वाणिज्य निरीक्षकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इन मशीनों के प्रभावी उपयोग हेतु सभी वाणिज्य निरीक्षकों एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षकों को प्रशिक्षण एवं डेमो के माध्यम से इसकी ट्रेनिंग देकर निरीक्षकों को इसकी संपूर्ण कार्यप्रणाली समझाई जा रही है।

रेलवे पीआरओ के मुताबिक टीपीसी खाद्य तेलों, विशेष रूप से तलने में उपयोग किए जाने वाले तेल की गुणवत्ता और सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण मापक है। अक्सर तेल को बार-बार उच्च तापमान पर गर्म करने और नमी के संपर्क में आने से उसमें उष्मीय अपघटन होता है, जिससे टोटल पोलर कंपाउंड बनते हैं। यही नहीं इनकी अधिक मात्रा तेल की गुणवत्ता में गिरावट को दर्शाती है, जो भोजन के स्वाद एवं पोषण मूल्य दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।

### टीपीसी मशीनों से तेल में रंगों के बदलाव की पहचानकर होगी जांच

टीपीसी मशीन के माध्यम से तेल की गुणवत्ता की जांच सरल एवं त्वरित तरीके से की जा सकती है। मशीन के अग्रभाग में लगे सेंसर (रॉड) को गर्म तेल में डालने पर स्क्रीन पर रंग-आधारित संकेत प्राप्त होते हैं। हरा रंग : तेल की गुणवत्ता अच्छी है, पीला रंग : तेल में टीपीसी का स्तर बढ़ रहा है, सावधानी आवश्यक तथा लाल रंग : तेल की गुणवत्ता हानिकारक स्तर पर पहुंच चुकी है, तत्काल तेल बदलना आवश्यक है।

### निरीक्षण के दौरान अधिकारी मशीन रखेंगे अपने साथ

वाणिज्य निरीक्षक निरीक्षण के दौरान इन मशीनों को अपने साथ रखेंगे, और समय-समय पर उन स्थानों की जांच करेंगे जहां तलने के लिए तेल का उपयोग किया जाता है। यदि तेल निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो संबंधित विक्रेता को तुरंत तेल बदलने के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही स्टॉल संचालकों को आवश्यकतानुसार जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# धनवंतरी नगर में पुराने जर्जर सरकारी स्कूल भवन की बजाय अब मिलेगी नई स्कूल बिल्डिंग की सौगात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**पुरानी जर्जर इमारत को ध्वस्त कर नई इमारत का निर्माण शुरू करेगा निगम**

राऊ विधानसभा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 80 में स्थित धनवंतरी नगर क्षेत्र में सालों पुराने जर्जर सरकारी स्कूल की इमारत को तोड़कर उसके स्थान पर अब क्षेत्रीय रहवासियों की सुविधा और मांग पर जल्द यहां आने वाले दिनों में नवीन स्कूल भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। जिसको लेकर क्षेत्र के जरूरतमंद छात्र - छात्राओं की सुविधा और शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निगम के शाला प्रकोष्ठ द्वारा अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है। पहले चरण में सालों पुरानी जर्जर इमारत को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके बाद दूसरे चरण में नई आधुनिक सुविधाओं वाली इमारत का निर्माण किया जाएगा।

### क्षेत्र के बच्चों को निजी स्कूल की तर्ज पर मिलेगी सरकारी स्कूल में आधुनिक शिक्षा

क्षेत्र के बच्चों को निजी स्कूल की तर्ज पर सरकारी स्कूल में गुणवत्ता वाली आधुनिक नवाचार वाली शिक्षा नीति के तहत शिक्षा मिलेगी। जिसके तहत क्षेत्र के पुराने सरकारी स्कूल भवन को ध्वस्त कर नए भवन का निर्माण किया जाएगा। जिसमें निजी स्कूलों की तर्ज पर शिक्षा देने के उद्देश्य से घर के नजदीक पुरानी जर्जर इमारत के स्थान पर नई इमारत की सौगात देने की तैयारी की जा रही है। जिसके तहत पहले चरण में पुरानी बिल्डिंग तोड़कर फिर नई इमारत का निर्माण करवाकर भविष्य में आधुनिक सुविधाओं से लैस स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण भी किया जाएगा, जहां क्षेत्र के बच्चे सरकारी स्कूल भवन में आधुनिक शिक्षा नवीन संसाधनों के साथ ग्रहण कर सकेंगे। जिसको लेकर निगम के शिक्षा विभाग द्वारा पुरानी बिल्डिंग को ध्वस्त कर नई स्कूल इमारत बनाने की प्लानिंग है।

# झोंन 10 के अंतर्गत अब क्षेत्रीय कार्यालय में जगह की कमी को दूर करेगा निगम

**इंदौर।** जोनल कार्यालय नंबर 10 के अन्तर्गत अब क्षेत्रिय कार्यालय में आफिस में जगह की कमी को इंदौर नगर निगम दूर करने के प्रयास कर रहा है। जिसके तहत निगम अब यहां पुराने जोनल कार्यालय में कुछ अतिरिक्त नवीन कमरों का निर्माण करेगा जिससे यहां जगह की कमी को दूर किया जा सकेगा ताकि जोन पर आने वाले नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सेवा केंद्रों की सुविधा दी जा सकें। उसी को लेकर निगम ने अपनी ओर से पूरी तैयारी के साथ निविदा संबंधित प्रोसेस और प्रक्रिया पूरी कर निर्माण शुरू करने की तैयारी की जा रही है। जिसके तहत अतिरिक्त कमरों के निर्माण के साथ अन्य सिविल कार्य भी शुरू किए जाएंगे। जिससे आने वाले दिनों में झोन आने वाले लोगों को अधिक सुविधाओं का लाभ कार्यालय पर मिलेगा।

**तीसरी बार प्रयास कर होगा नए कमरों का निर्माण-** यही नहीं इसको लेकर निगम की ओर से तैयारियां शुरू कर अपनी ओर से तीसरी बार निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत निगम यहां लगभग 30 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर अतिरिक्त कमरों के निर्माण के साथ अन्य सिविल कार्य भी आने वाले दिनों में शुरू करेगा। जिसका लाभ यहां जोन पर अपनी शिकायत दर्ज कराने आने वाले नागरिकों को भी मिलेगा। दरसअल निगम द्वारा यहां जगह की कमी को दूर करने के उद्देश्य के तहत लंबे समय से नए अतिरिक्त कक्ष निर्माण को लेकर प्रयास किए जा रहे थे ताकि लोगों को अन्य सुविधाओं का आसानी से लाभ मिले। इसके लिए अधिकारी लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। अब जाकर इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं अब आने वाले दिनों में जोन 10 के कार्यलय पर अतिरिक्त कमरों का निर्माण शुरू होगा।

# मई माह की शुरुआत में आरंभ होंगे पीएचडी आवेदन, 10 सब्जेक्ट में रहेंगी 0 सीट

### 8 से 9 विषय ऐसे, जिनमें सिर्फ 1 से 7 सीट ही रहने वाली

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की पीएचडी एडमिशन के आवेदन मई माह के आरंभ में शुरू हो जाएंगे। 21 जून को इंजीनियरिंग के 13 विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। नॉन डीईटी में शामिल 23 सब्जेक्ट में नेट के रिजल्ट के आधार पर प्रवेश होंगे। लेकिन 10 सब्जेक्ट में एक भी सीट नहीं है। हिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन और पॉलिटिकल साइंस जैसे अहम विषयों में भी एक भी सीट नहीं है।

### फिलहाल यह हाल

इधर, इंजीनियरिंग के जिन 13 विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा हुई थी, उनमें भी तीन सब्जेक्ट ऐसे हैं, जिनमें एक ही सीट है। नॉन डीईटी के इन सब्जेक्ट में जीरो सीटें हिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन, पॉलिटिकल साइंस, मराठी, उर्दू, म्यूजिक, मास कम्युनिकेशन, योग और संस्कृत में एक भी सीट नहीं रहने की स्थिति है। मैनेजमेंट में 200 से ज्यादा और कॉमर्स में 100 से अधिक हैं। इस बार भी सबसे ज्यादा मैनेजमेंट और कॉमर्स में ही सीटें रहने की स्थिति बन रही है। मैनेजमेंट में 230 और कॉमर्स में 170 रह सकती है।

### नॉन डीईटी में नेट के आधार पर आवेदन

नॉन डीईटी के 23 विषयों में नेट क्वालिफाई अभ्यर्थियों को आवेदन प्रक्रिया में शामिल होने का मौका मिलेगा। पिछली बार 588 सीटें थी और 695 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाए थे। पिछली बार मैनेजमेंट में 228 व कॉमर्स में 121 सीटें थी। लेकिन दोनों में ही सीटों की तुलना में उम्मीदवार कम थे, इसलिए सीटें खाली रह गई।

# कुम्हारखाड़ी में लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन रोड से नर्मदा जल टंकी के पास अब नहीं दिखेगा कहीं भी कीचड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा एक के अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक से जुड़े कुम्हार खेड़ी क्षेत्र में लक्ष्मी बाई नगर रेलवे स्टेशन रोड से नर्मदा जल टंकी के पास तक अब आने वाले दिनों में कहीं भी कीचड़ नहीं दिखेगा। इंदौर नगर निगम यहां लाखों रुपए खर्च कर क्षेत्र के रहवासियों को आने वाले दिनों में नई सड़क की सौगात देगा। के लिए तैयारी भी शुरू हो गई है। क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जिसके प्रयासों से सालों बाद अब जाकर क्षेत्र के इस हिस्से में रहवासियों को स्टेशन रोड़ पर ऊबड़ खाबड़ आधी अधूरी सड़क की बजाय पानी की बड़ी टंकी तक नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। यही नहीं इसका फायदा अब यह होगा कि अब क्षेत्र के लोगों को अब आने वाले बारिश के सीजन में पीने के पानी भरने में कीचड़ में से जाकर परेशान नहीं होना पड़ेगा। निगम द्वारा बारिश का मौसम शुरू होने से पहले प्रयास रहेगा कि यहां नई सीमेंटेड सड़क बनकर तैयार हो जाए।

# केन्द्रीय मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने की टॉवर वेगन में बैठकर यात्रा



**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** धार की सांसद केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के अति महत्वपूर्ण खंड पीथमपुर से धार रेलवे स्टेशन तक रेल इंजन (टॉवर वेगन) में बैठकर यात्रा की, जिसमें अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं रेल अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह यात्रा केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ता हुआ एक सशक्त संकेत है। यात्रा के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं जनसामान्य द्वारा रेल इंजन को रुकवाकर उसमें सवार जनप्रतिनिधियों एवं रेल अधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का जो संकल्प लिया है, उसे पूर्ण करने के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं। विधायक नीना वर्मा, विक्रम वर्मा, नीलेश भारती सहित अन्य मौजूद थे।

## संपादकीय

### होर्मुज पर नरमी से खुली उम्मीद की राह, ईरान के फैसले से भारत समेत दुनिया को बड़ी राहत

मौजूदा संकट के बीच सरकार ने तेल और गैस का पर्याप्त भंडार होने की बात कही है, लेकिन सच यह है कि आम लोग रसोई गैस, तेल और उर्वरकों की कमी से उपजी मुश्किल का सामना कर रहे हैं। होर्मुज जलमार्ग फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा रास्ता है, जिससे होकर दुनिया के कई देशों के जलपोत आवाजाही करते हैं। पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने जवाब के तौर पर जो मोर्चे खोले, उसमें होर्मुज जलमार्ग को बाधित करना उसकी एक कारगर रणनीति साबित हुई है। इसी वजह से आज हालत यह है कि दुनिया के कई देश ईरान के सख्त रुख की वजह से कच्चे तेल और गैस के संकट का सामना कर रहे हैं। इनमें वैसे देश भी हैं, जिन्होंने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले में कोई प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं की है, वे किसी भी पक्ष में मैदान में नहीं हैं और मतभेद के मुद्दों का हल संवाद के जरिए करने के समर्थक हैं। भारत ने भी पश्चिम एशिया में उभरे संकट का समाधान बातचीत से निकालने के लिए आवाज उठाई है। शायद यही वजह है कि अब ईरान ने होर्मुज जलमार्ग से चीन और रूस सहित जिन पांच देशों को अपने जहाज निकालने की छूट दी है, उनमें भारत भी शामिल है। यों भारत आने वाले चार जहाज पहले ही होर्मुज जलमार्ग को पार कर चुके हैं, लेकिन अठारह जहाज उसी इलाके में फंसे हुए थे। ईरान के ताजा रुख के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि भारत के बाकी जहाज वहां से निकल कर आ सकेंगे और इससे देश में तेल और गैस के गहराते संकट को कम करने में मदद मिलेगी। हालांकि अमेरिका और इजरायल को लेकर ईरान अब भी सख्त है और शांति प्रस्तावों को लेकर भी उसने कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। मगर होर्मुज जलमार्ग पर उसके रुख में आई नरमी से दुनिया के कुछ देशों को राहत मिल सकती है। बाकी ईरान जिन्हें शत्रु देश मानता है, उनके जलपोतों को लेकर वह अब भी सख्त है। जहां तक भारत का सवाल है, तो ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि हमने कुछ ऐसे देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की इजाजत दी है, जिन्हें हम मित्र मानते हैं। इसमें चीन, रूस, भारत, इराक तथा पाकिस्तान शामिल हैं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से भारत ईरान के साथ लगातार कूटनीतिक संवाद के जरिए पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म कराने के साथ-साथ होर्मुज जलमार्ग से अपने लिए भी एक रास्ता निकालने की कोशिश कर रहा था। कुछ उतार-चढ़ाव को छोड़ दें, तो भारत और ईरान के संबंध दोस्ताना रहे हैं। ऐसे में अगर ईरान ने अगर होर्मुज जलमार्ग के रास्ते आवागमन के लिए भारत को भी सुविधा दी है, तो कूटनीतिक संवाद के एक सकारात्मक हासिल के साथ-साथ इसे उन्हीं संबंधों की एक कड़ी के तौर पर देखा जा सकता है। गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा रास्ता है, जिससे होकर दुनिया के कई देशों के जलपोत आवाजाही करते हैं। दुनिया के करीब बीस फीसद तेल और तरल प्राकृतिक गैस का परिवहन इसी रास्ते से होता है।

# एक्टिवा सवार तीन बदमाशों ने युवक को घेरा, मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूटे

### पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र में इंदौर कॉन्वेंट स्कूल के पास एक्टिवा सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने एक युवक का रास्ता रोककर उसके साथ न केवल मारपीट की, बल्कि उसका मोबाइल, नकदी और जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से दमोह निवासी और वर्तमान में कुशवाह नगर इंदौर में रहने वाले राहुल लोधी पिता कमल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल ने बताया कि जब वह इंदौर कॉन्वेंट स्कूल के पास से गुजर रहे थे, तभी पीछे से एक एक्टिवा पर सवार तीन लड़के आए। बदमाशों ने अपनी गाड़ी राहुल के आगे अड़ा दी और उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने धमकाते हुए राहुल से पूछा कि तेरे पास क्या-क्या सामान है, हमें निकाल कर दे।

जब राहुल ने सामान देने से मना किया, तो बदमाशों ने उनके कंधे पर लटका काले रंग का बैग छीन लिया, जिसमें कपड़े, आधार कार्ड और पैन कार्ड रखा था। राहुल द्वारा विरोध किए जाने पर तीनों बदमाशों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे उन्हें चोटें भी आईं। मारपीट के दौरान बदमाशों ने राहुल की जेब में रखे 3 से 4 हजार रुपये और हाथ में मौजूद सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल भी जबरन छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों लुटेरे बैग, मोबाइल और पैसे लेकर मौके से रफूचक्कर हो गए।बाणगंगा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास और स्कूल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक कर रही है ताकि एक्टिवा के नंबर और हुलिए के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा सके। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अवैध रूप से हुक्का पिलाने वाले पान दुकान पर पुलिस की कार्रवाई

**इंदौर।** लसूड़िया पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हुक्का पिलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से हुक्का और फ्लेवर सामग्री भी जब्त की है। पुलिस के मुताबिक चिकित्सक नगर स्थित मुरलीधर पान सदन पर आरोपी जितेंद्र लोगों को हुक्का पिलवा रहा था, जिससे निकलने वाले धुएं से आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा बन रहा था। कार्रवाई के दौरान आनंद के पास से अलग-अलग कंपनियों के हुक्का फ्लेवर पैकेट बरामद किए गए, जबकि जितेंद्र के कब्जे से हुक्का पाइप, चिलम, फिल्टर समेत अन्य सामान मिला। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बेटी के कन्या भोजन करने पर भड़के पति ने किया हमला

### पत्नी के सिर पर लोहे का पाइप मारा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित नालंदा परिसर में एक कलयुगी पिता ने अपनी मासूम बेटी के कन्या भोजन करने जाने पर इतना विवाद किया कि बीच-बचाव करने आई अपनी पत्नी के सिर पर लोहे के पाइप से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, नालंदा परिसर निवासी वंदना मिश्रा ने अपने पति प्रकाश मिश्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। वंदना ने बताया कि वह घर पर ही थीं, तभी उनकी बेटी अनुष्का पड़ोस में कन्या भोजन करने के बाद वापस घर लौटी। बेटी को देख प्रकाश आगबबूला हो गया और पत्नी से सवाल करने लगा कि उसने बेटी को कन्या भोजन के लिए क्यों भेजा था। जब वंदना ने शांति से जवाब दिया कि आगे से नहीं भेजूंगी, तो प्रकाश शांत होने के बजाय और ज्यादा भड़क गया और गालियां देने लगा। वंदना ने जब गालियां देने से मना किया, तो आरोपी प्रकाश ने पास ही पड़ा नल का लोहे का पाइप उठाया और सीधे पत्नी के सिर पर मार दिया। हमले के कारण वंदना का सिर फट गया और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाली एक महिला तुरंत मौके पर पहुँची और बीच-बचाव कर वंदना की जान बचाई।

## बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत में ठेकेदार पर केस

**इंदौर।** एमजी रोड थाना क्षेत्र में काम के दौरान एक 15 वर्षीय किशोर की गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में ठेकेदार सहित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक नैतिक उर्फ नारायण (15) निवासी परदेशीपुरा, श्री हरि बिल्डिंग स्नेहलतागंज में एसी लगाने का काम कर रहा था। इसी दौरान वह बिल्डिंग से नीचे गिर गया, जिससे गंभीर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में ठेकेदार मुकेश मोर्य और बिल्डिंग मालिक के खिलाफ लापरवाही के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## जिलाबदर इलाके में घूमता मिला

**इन्दौर।** चन्दननगर पुलिस ने एक ऐसे शातिर बदमाश को धर दबोचा है, जिसे पुलिस कमिश्नर ने जिला बदर कर दिया था, लेकिन वह आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए गुपचुप तरीके से शहर में ही फरारी काट रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक शातिर अपराधी क्षेत्र में किसी वारदात की नीयत से घूम रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चोईथराम नेत्रालय के सामने घेराबंदी की और एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसकी पहचान सुनील उर्फ भूरी के रूप में हुई।जब पुलिस ने सुनील का रिकॉर्ड खंगाला, तो चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। सुनील को उसके आपराधिक इतिहास के कारण उसे जिला बदर घोषित किया गया था। आदेश के मुताबिक उसे इंदौर और उसके आसपास के सीमावर्ती जिलों से बाहर रहना था, लेकिन वह अवैध रूप से शहर में ही घूम रहा था।

# सड़क हादसे में घायल ने तोड़ा दम

**इन्दौर ।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के बांगड़दा रोड पर हुई एक वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान अब्दुल अतीक पिता अब्दुल हाफिज,(46) निवासी जूना रिसाला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अब्दुल अतीक बांगड़दा क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी वे हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया था, जहाँ उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी।

# ब्रांडेड प्लायवुड के नाम की नकल बेचने वाले दो दुकानों पर पुलिस का छापा

**इन्दौर।** जवाहर मार्ग पर नामी कंपनियों के मिलते-जुलते नामों का सहारा लेकर नकली और सस्ता प्लायवुड बेचने के बड़े खेल का पर्दाफाश हुआ है। सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग दुकानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए संचालकों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी प्रतिष्ठित ब्रांड्स के नाम का दुरुपयोग कर ग्राहकों को भ्रमित कर रहे थे और अवैध मुनाफा कमा रहे थे।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता चेतना खन्ना ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी कंपनी के प्रतिष्ठित ब्रांड जैसे 'ग्रीन टच लैमिनेट्स' और 'सेंचुरीप्लाई' के नाम और लोगों का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। जांच में सामने आया कि जवाहर मार्ग स्थित देहली ट्रेडिंग कंपनी और ज्योति प्लायवुड में ग्राहकों को असली बताकर मिलता-जुलता सामान बेचा जा रहा था। इससे न केवल कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा था, बल्कि ग्राहकों को भी घटिया क्वालिटी का सामान थमाया जा रहा था।सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए देहली ट्रेडिंग कंपनी के संचालक राजवंत सिंह और ज्योति प्लायवुड के संचालक दिलीप राठी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 147400 | 142300 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 233500 | 227200 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## दिनदहाड़े फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े सूने फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी का मामला सामने आया है। बदमाश घर से नगदी और जेवर लेकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक स्कीम नंबर 74 ए स्थित आभा अपार्टमेंट में रहने वाली पूजा भट्ट के फ्लैट में अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी से दो चांदी की सिल्ली, एक चांदी की पायल, एक आर्टिफिशियल नेकलेस और करीब 25 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

# घर में घुसा पड़ोसी चोर, सामान बिखेरते देख युवती ने बाहर से लगा दी कुंडी

## गैलरी से कूदकर भागा आरोपी

**इन्दौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र स्थित कैलाशपुरी कॉलोनी में एक युवती की सूझबूझ से घर में बड़ी चोरी की वारदात टल गई। युवती ने अपने ही घर में किराए से रहने वाले एक युवक को चोरी की नीयत से सामान बिखेरते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने घर की गैलरी से नीचे सड़क पर छलांग लगा दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पड़ोसी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, कैलाशपुरी निवासी 25 वर्षीय शिवानी यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जब वह घर पहुँची, तो उसने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला खुला हुआ था और चाबी बाहर ही लटकी थी। जैसे ही युवती ने संदेहास्पद स्थिति देख गेट को धक्का देकर अंदर प्रवेश किया, तो वहां का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था और एक युवक अलमारी के पास चोरी की नीयत से तलाशी ले रहा था। युवती ने तुरंत पहचान लिया कि घर के अंदर मौजूद शख्स कोई और नहीं, बल्कि उसी मकान में अपने परिवार के साथ किराए से रहने वाला राहुल उर्फ रवि वर्मा पिता गोविंद वर्मा है। युवती को देखते ही राहुल घबरा गया। युवती ने बहादुरी दिखाते हुए तुरंत कमरे से बाहर निकलकर मुख्य दरवाजे की कुंडी बाहर से लगा दी ताकि आरोपी भाग न सके। खुद को फंसता देख आरोपी राहुल ने जान जोखिम में डाली और घर की पहली मंजिल की गैलरी से सीधे सड़क की ओर कूद गया और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।

# घर से उड़े तोते की तलाश में निकली युवती और उसके भाई से मारपीट

## खुद को वन विभाग का कर्मी बताने वाले आरोपी पर केस दर्ज

**इन्दौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में अपने पालतू तोते की तलाश में रात के समय निकली एक युवती, उसके भाई और दोस्तों के साथ एक व्यक्ति ने न केवल अभद्रता की, बल्कि खुद को वन विभाग का कर्मचारी और कॉलोनी अध्यक्ष बताकर जमकर मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, श्रीकृष्ण एवेन्यू कॉलोनी फेस-3, लिम्बोदी क्षेत्र की रहने वाली 27 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक, रात करीब 12.30 बजे उनका पालतू तोता अचानक घर से उड़ गया था। बेजुबान पक्षी की चिंता में युवती अपने भाई गोकुल और कुछ दोस्तों के साथ टॉर्च लेकर कॉलोनी में उसे तलाशने निकली थीं। तलाश के दौरान उनका सामना वहीं रहने वाले प्रदीप गिरासे से हुआ। आरोप है कि प्रदीप ने खुद को वन विभाग का अधिकारी और कॉलोनी का अध्यक्ष बताते हुए उन्हें वहां घूमने से रोका और भाई गोकुल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़िता ने विरोध किया, तो आरोपी ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और कपड़े पकड़कर खींचते हुए अश्लील गालियां दीं, जिससे उनकी लज्जा भंग हुई।विवाद बढ़ता देख जब युवती के दोस्त हरीश भाटिया ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपी प्रदीप और उग्र हो गया। उसने हरीश को थप्पड़ मारे और उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।तेजाजी नगर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी प्रदीप गिरासे के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।



# मानव अधिकार आयोग की समीक्षा बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने रेसीडेंसी कोठी पर इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा के साथ बैठक कर लंबित शिकायतों के संबंध में समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। भागीरथपुरा की घटना पर अद्यतन स्थिति पर इंदौर कलेक्टर वर्मा ने विस्तार से जानकारी के साथ वर्तमान में नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में पाइपलाइन बदलने आदि के कार्य प्रगति से अवगत कराया। इस पर अध्यक्ष डॉ. सिंह ने निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए ताकि भविष्य में लीकेज या अन्य किसी प्रकार की समस्या न हो और आमजन को बेहतर सुविधा मिल सके, साथ ही कार्यवाही प्रतिवेदन आयोग को भेजा जाये। अध्यक्ष डॉ. सिंह ने जिला प्रशासन को मानवीय अधिकारों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने को कहा है। बैठक में और भी अधिकारी मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**इन्दौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में एक युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर लंबे समय तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और जब शादी की बात आई, तो वह अपने वादे से मुकर गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, 30 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी मिलन सिंह सिसौदिया से उसकी जान-पहचान थी। मिलन ने उसे शादी का प्रलोभन दिया और भविष्य में साथ रहने का भरोसा दिलाया। इसी भरोसे का फायदा उठाकर आरोपी ने पीड़िता की मर्जी के खिलाफ उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किए।जब पीड़िता ने मिलन पर शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने अपना असली रूप दिखा दिया। उसने शादी करने से साफ इनकार कर दिया और पीड़िता को डराया-धमकाया। खुद को ठगा हुआ महसूस कर पीड़िता ने कानून का सहारा लेने का फैसला किया और अन्नपूर्णा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# ऑनलाइन धमकी देकर 18 लाख से ज्यादा की ठगी

**इंदौर।** सराफा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी का बड़ा मामला सामने आया है, जहां धमकी देकर एक महिला से करीब 18 लाख रुपए से अधिक की राशि ठग ली गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी महिला को अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन डराने-धमकाने के साथ झांसे में लिया और करीब 18.09 लाख रुपए की रकम हड़प ली। मामले में सुनील बुच्चा निवासी जोरहाट असम को आरोपी बनाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर आरोपी की तलाश की जा रही है।


**न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील जूनी इन्दौर जिला-इन्दौर म.प्र.**

क्र./ /रीडर/2026 इन्दौर दिनांक 10/03/2026

प्रकरण क्रमांक-1407/अ-6/2025-26

**-सार्वजनिक सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्रेता/**आवेदक पुष्पा एस्टेट एण्ड डेव्लपर तर्फे पार्टनर श्री संदीप नागर पिता स्व.श्री मनोहरलाल नागर निवासी-407-द मार्क ओल्ड पलासिया** इन्दौर म.प्र. हालमुकाम ग्राम तलावलीचांदा तहसील जूनी इन्दौर जिला इन्दौर मोबाईल नम्बर 9826093634 द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत् राजस्व ग्राम तलावलीचांदा स्थित सर्वे नम्बर 21/1 एस रकबा 0.1410 हेक्टेयर भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एम.पी.7 आईजी.आर. -17532026ए100201528 का निष्पादित दिनांक 19/02/2026 के माध्यम से विक्रेता/प्रतिप्रार्थी श्रीमती अलका पति स्व.श्री पुरुषोत्तम्, आयुष पिता स्व.श्री पुरुषोत्तम जाति ब्राम्हण दोनों निवासी-43-तलावलीचांदा जिला इन्दौर, श्रीमती प्रियांका शर्मा पिता स्व.श्री पुरुषोत्तम जाति ब्राम्हण (पति श्री विकास शर्मा) निवासी-841 सुदामा नगर इन्दौर म.प्र. श्रीमती प्रिया शुक्ला पिता स्व.श्री पुरुषोत्तम जाति ब्राम्हण (पति श्री मयंक शुक्ला) निवासी 239 वार्ड नम्बर 07 बस स्टेण्ड के पास महात्मा गाँधी मार्ग सैलाना रतलाम म.प्र. श्रीमती अंकिता ओझा पिता स्व.श्री पुरूषोत्तम जाति ब्राम्हण (पति श्री तरूण ओझा) निवासी-202 स्प्रींग अपार्टमेन्ट शंखेश्वर सिटी इन्दौर म.प्र.से क्रय किए जाने के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

इस संबंध में किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक 23/03/2026 के अंदर स्वयं अपर तहसीलदार न्यायालय बोर्ड कक्ष क्रमांक 115 पर समय 02:30 बजे तक उपस्थित होकर मय प्रमाण के प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक10/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील जूनी इन्दौर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**सूचना क्रमांक/227/लो.नि.वि./26** **देवास, दिनांक-24/03/2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर आ.ई.डी. | कार्य का नाम व सामान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय एवं एवं जमा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD 493547_1 | वार्ड क्र.10 राजभारती हास्पिटल के पास बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) | 60 दिवस 8.50.000/- | 2.000/- 8.500/- | 07/04/2025 |
| 2 | 2026_UAD 493213_1 | वार्ड क्र.13 सीताराम नगर स्थित गार्डन की शेष बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 30 दिवस 2.97.000/- | 2.000/- 2.970/- | 07/04/2025 |
| 3 | 2026_UAD 493617_1 | वार्ड क्र.22 अमृत नगर पार्क के चारों तरफ एवं फौजी नगर में सी.सी. रोड निर्माण। (द्वितीय निविदा) | 90 दिवस 26.90.000/- | 5.000/- 20.175/- | 07/04/2025 |
| 4 | 2026_UAD 493596_1 | वार्ड क्र.31 श्रीनगर कालोनी में रिफ. पेवर्स ब्लाक लगाने का कार्य। (द्वितीय निविदा) | 60 दिवस 14.60.000/- | 2.000/- 10.950/- | 07/04/2025 |
| 5 | 2026_UAD 493505_1 | शहर के वार्ड क्र.01 से 45 तक के विभिन्न स्थानों पर स्थित नाला/पुलियाओं पर जाली लगाने का कार्य। | 60 दिवस 10.00.000/- | 2.000/- 10.000/- | 07/04/2025 |
| 6 | 2026_UAD 493568_1 | शहर के वार्ड क्र.01 से 45 तक में स्थित GVP स्थानों पर पेवर्स ब्लाक लगाने का कार्य। (द्वितीय निविदा) | 60 दिवस 15.00.000/- | 2.000/- 11.250/- | 07/04/2025 |
| 7 | 2026_UAD 493167_1 | वार्ड क्र.14 में राज पायोनियर लेबोरेट्री से 22 एम.एल.डी. एस.टी.पी. प्लांट तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 60 दिवस 12.09.000/- | 2.000/- 9.068/- | 22/04/2025 |
| 8 | 2026_UAD 493188_1 | वार्ड क्र.21 मिश्रीलाल नगर एक्स. कालोनी की विभिन्न गलियों में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 60 दिवस 17.50.000/- | 2.000/- 13.125/- | 22/04/2025 |
| 9 | 2026_UAD 493203_1 | वार्ड क्र.37 मिर्जा बाखल में नाली निर्माण कार्य। | 60 दिवस 10.75.000/- | 2.000/- 8.063/- | 22/04/2025 |

**नोट-निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में पर प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

# इस वजह से बीसीसीआई ने ओपनिंग सेरेमनी की कैंसिल

**बेंगलुरु।** आईपीएल 2026 का 28 मार्च से आगाज होने जा रहा है। पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की टक्कर होगी। यह मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाना है। आईपीएल सीजन की शुरुआत से पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ओपनिंग सेरेमनी आयोजित करता है। हालांकि, आगामी सीजन की ओपनिंग सेरेमनी कैंसिल हो गई है। ओपनिंग सेरेमनी में कई रंगारंग कार्यक्रम देखने को मिलते हैं। बीसीसीआई ने पिछले साल चिन्नास्वामी में मची भगदड़ में जान गंवाने वालों के सम्मान में सेरेमनी कैंसिल की है। भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी। आरसीबी ने 2025 में आईपीएल का खिताबी सूखा समाप्त किया था, जिसके बाद चिन्नास्वामी में जश्न के दौरान हादसा हो गया।

हालांकि, बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल 19वें सीजन के समापन पर शानदार क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन करने की प्लानिंग कर रहे हैं। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, पिछले साल 4 जून को हुई दुखद घटना की वजह से आईपीएल 2026 (बेंगलुरु में) के पहले दिन दिन कोई फॉर्मल फंक्शन नहीं होगा। बीसीसीआई उस दुखद घटना में मारे गए लोगों की याद में आईपीएल का 19वां सीजन शुरू होने पर कोई कल्चरल या एंटरटेनमेंट शो आयोजित नहीं करेगा। हालांकि, बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल सीजन समाप्त होने पर फाइनल (31 मई) के दिन एक शानदार एंटरटेनमेंट फंक्शन करने का प्लान बना रहे हैं।

## क्लोजिंग सेरेमनी धूम-धाम से करेगा



### चिन्नास्वामी में 11 सीटें खाली छोड़ेगी आरसीबी

*आरसीबी के खिलाड़ी भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में आगामी सीजन में मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। इसके अलावा फ्रेंचाइजी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें खाली रखने की योजना भी बनाई है। आरसीबी ने पिछले साल अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के जश्न के लिए चार जून को एम चिन्नास्वामी में समारोह का आयोजन किया गया था। सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद आरसीबी को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था।*

### दर्शकों के प्रबंधन में 7 करोड़ किए खर्च

आरसीबी ने दर्शकों के प्रबंधन में सुधार के लिए लगभग सात करोड़ रुपये का निवेश किया है। आरसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजेश मेनन ने हाल ही में बताया, हमने भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए लगभग सात करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जिसमें कई बैगेज स्कैनर और कमांड सेंटर शामिल हैं। हमने भीड़ प्रबंधन के उपायों को काफी मजबूत किया है। पूरे स्टेडियम, कॉन्कोर्स और आसपास के क्षेत्रों में एआई-आधारित सीसीटीवी प्रणाली लगाई गई है, जो 'जार्विस' नामक एआई टूल से संचालित है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली 'रियल-टाइम' अलर्ट देती है, जिसमें प्रत्येक दीर्घा में मौजूद दर्शकों की संख्या की जानकारी शामिल होती है। इससे निगरानी और नियंत्रण बेहतर होगा। इन सीसीटीवी फुटेज तक पुलिस आयुक्त कार्यालय की भी सीधी पहुंच होगी।

### पाक का उड़ रहा मजाक

# पीएसएल में चलते मैच में बदल गया गेंद का रंग

**लाहौर।** पाकिस्तान सुपर लीग यानी पीएसएल के 11वें सीजन का आगाज गुरुवार से हो गया है। डिफेंडिंग चैंपियन लाहौर कलंदर्स ने पीएसएल में नई टीम हैदराबाद किंग्समेन को 69 रनों से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की; उन्होंने पहले 199 रन बनाए और फिर अपने विरोधी टीम को 130 रनों पर ऑल आउट कर दिया। इस मैच के दौरान पिंक बॉल ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। अब आप सोच रहे होंगे पिंक बॉल का इस्तेमाल तो डे-नाइट टेस्ट मैचों में होता है और पीएसएल तो एक टी20 लीग है, जहां सफेद गेंद का इस्तेमाल होना चाहिए। तो बता दें, मैच की शुरुआत तो सफेद गेंद से हुई थी, मगर जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा गेंद का रंग बदलता चला गया। आईए समझते हैं पूरा मामला-



लाहौर कलंदर्स ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। हैदराबाद किंग्समेन गेंदबाजी कर रही थी। उनकी जर्सी का कलर महरून था, जब कुछ ओवर हुए तो अंपायरों ने नोटिस किया कि गेंद का कलर बदल गया है। कहा जा रहा है कि ऐसा हैदराबाद किंग्समेन की जर्सी की वजह से हुआ। गेंद को चमकाते हुए हैदराबाद किंग्समेन की जर्सी का कलर छूटा जो गेंद पर लगा, जिस वजह से गेंद सफेद से पिंक हो गई। अंपायरों की नजरों में आने के बाद तुरंत गेंद को बदला गया और मैच फिर से शुरू हुआ। हालांकि सोशल मीडिया पर फैंस ने पाकिस्तान का जमकर मजाक उड़ाया। बात मैच की करें तो, लाहौर कलंदर्स ने पहले बैटिंग करते हुए फखर जमन के शानदार अर्धशतक के दम पर 199 रन बोर्ड पर लगाए। फखर ने 10 चौकों की मदद से 53 रनों की लाजवाब पारी खेली। इस स्कोर का पीछा करने उतरी हैदराबाद किंग्समैन की पूरी टीम 20 ओवर में 130 के स्कोर पर ढेर हो गई। फखर जमन को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

# इम्पैक्ट प्लेयर नियम मुझे पसंद नहीं : गिल



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने आईपीएल में 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम पर चिंता जताते हुए कहा कि यह 'खेल से कौशल और चुनौती की अहमियत को कम करता है।' इस नियम पर पहले भी भारतीय खिलाड़ियों ने आपत्ति जताई है, जिनमें रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल शामिल हैं। मुंबई में बुधवार को हुई आईपीएल कप्तानों की बैठक में गिल सहित अधिकांश कप्तानों ने बीसीसीआई से इस नियम की समीक्षा करने की मांग की। यह नियम 2023 में लागू किया गया था और इसे कम से कम 2027 तक बढ़ाया गया है। गिल ने कहा, मेरे व्यक्तिगत विचार से 'इंपैक्ट प्लेयर' नहीं होना चाहिए। क्रिकेट सामान्यतः 11 खिलाड़ियों का खेल है। इसमें एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज जोड़ने से खेल की वास्तविक चुनौती और खिलाड़ी की कौशल का महत्व कम हो जाता है। उन्होंने कहा, खेल में एक निश्चित कौशल होता है। अगर आपकी कुछ मुख्य बल्लेबाज जल्दी आउट हो जाएं, तो टीम को अच्छी स्कोर तक पहुंचाने के लिए रणनीति और कौशल की जरूरत होती है। लेकिन इस एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल का झुकाव एकतरफा हो गया है। इससे चुनौती भी कम हो गई है। मेरे लिए आसान पिच पर 220 रन का पीछा करने से ज्यादा रोमांच चुनौतीपूर्ण पिच पर 180 या 160 रन का पीछा करने में है। बीसीसीआई इस नियम पर अंतिम फैसला 2027 के बाद ही ले सकेगा। गिल ने कहा, यह नियम 2027 तक लागू रहेगा। कप्तानों की बैठक में हमने इस पर चर्चा की थी। मुझे समझ है कि यह खेल को थोड़ी मनोरंजक बनाता है, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मुझे यह पसंद नहीं है। फैसला बीसीसीआई का होगा।

## चंचल राठौर की आक्रामक शतकीय पारी से इंदौर संभाग फाइनल में

**इंदौर।** एमपीसीए द्वारा आयोजित अंतर संभागीय माधवराव सिंधिया एक दिवसयी क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर संभाग एवं ग्वालियर संभाग के मध्य ग्वालियर में खेले गये मैच में इंदौर संभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरो में 8 विकेट खोकर 284 रन बनाये । चंचल राठौर ने 118 गेंदो पर 9 चौके व 1 छक्को की मदद से 127 रन, हर्ष गवली ने 35 रन एवं अन्वेश चावला ने 33 रन बनाये। जवाब में ग्वालियर संभाग की टीम 260 रनों पर सिमट गई और यह मैच 24 रनों के अंतर से हार गई । अमन यादव ने 68 रन व पार्थ चौधरी ने 48 रन बनाये। सागर सोलंकी, अन्वेश चावला व सौरभ शर्मा ने 2-2 विकेट लिये।

# खेल के मैदान में उद्योगपतियों ने भरा दम, छक्के चौकों की बौछार से किया सभी को रोमांचित

**इंदौर।** एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश एवं एंड्रोमेडा लोन्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उद्योगपतियों की क्रिकेट टूर्नामेंट में उद्योग प्रतिभाओं ने खेल के मैदान में भी अपने हुनर दिखाते हुए छक्के चौकों की बौछार कर सभी का दिल् जीता। एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश मेहता ने बताया कि एसोसिएशन को एंड्रोमेडा लोन्स की ओर से प्राप्त प्रस्ताव पर युवा उद्योगपतियों की एक क्रिकेट टूर्नामेंट देवी अहिल्या कप 2026 आयोजित करने की रूपरेखा बनाई। इस आयोजन के लिए एसोसिएशन की ओर से उद्योगपति राजेश गर्ग को टूर्नामेंट संयोजक बनाकर इस आयोजन को मूर्तरूप दिया गया जो सफल रहा। युवा उद्योगपतियों एवं महिला उद्यमियों की संयुक्त चार टीमों का गठन किया गया जिसमें आजाद लायन्स, शिवाजी वारियर्स, भगतसिंह रायल्स एवं सुभाष



ब्रिग्रेड ने खेल के मैदान में उत्कृष्ट बैटिंग, बॉलिंग व क्षेत्ररक्षण का प्रदर्शन कर रोमांचित किया।

इस टूर्नामेंट में प्रकाश जैन की आजाद लायन्स टीम, कप्तान अमित धाकड़ के नेतृत्व में विजेता रही और विजय राठौर की टीम भगतसिंह रायल्स कप्तान रूचिल डोसी के नेतृत्व में उपविजेता रही। बाबूराज बालकृष्णन की टीम सुभाष ब्रिगेड के कप्तान विकास गुप्ता और नरेन्द्र अग्रवाल की टीम के कप्तान तरूण व्यास की टीम ने भी मैदान में बहुत ही उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। अध्यक्ष योगेश मेहता सहित आयोजन समिति व अतिथियों द्वारा सभी टीमों के खेल प्रदर्शन की प्रशंसा कर उन्हें बधाई दी और सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों को पुरस्कृत किया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश मेहता, एंड्रोमेडा लोन्स के वाइस प्रेसिडेंट ललितसिंग राठौर एवं सहायक वाइस प्रेसिडेंट मयूर चतुर्वेदी, रोशन पांचाल, विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत प्रमुख मुकेश जैन और सुदर्शना ने चारो टीमों का हौसला बढाते हुए उन्हें पुरस्कृत किया।

# कार ने एक्टिवा सवारों को मारी टक्कर, इकलौते बेटे की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तुकोगंज थाना क्षेत्र के एमजी रोड पर गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार दो युवकों को पीछे से इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों युवक करीब 30 फीट दूर जाकर फुटपाथ पर जा गिरे। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी होने का सनसनीखेज खुलासा हुआ है।








तुकोगंज पुलिस के अनुसार, हादसे में खजराना निवासी अनस अब्बासी पिता करामत (23)की मौके पर ही जान चली गई। अनस पेशे से फोटोग्राफर था और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता की दो साल पहले ही बीमारी से मौत हो चुकी थी, जिसके बाद घर की पूरी जिम्मेदारी अनस के कंधों पर थी। वहीं, उसके साथ मौजूद जुबेर पिता शाहिद (32) के दोनों पैरों में गंभीर फ्रैक्चर आया है। जुबेर कार डेकोरेशन का काम करता है। परिजनों ने बताया कि महज 20 दिन बाद उसकी शादी होने वाली थी, जिसकी तैयारियां घर में चल रही थीं।हादसे की सूचना मिलते ही तुकोगंज पुलिस मौके पर पहुँची और घेराबंदी कर आरोपी ड्राइवर को दबोच लिया। पुलिस ने जब दुर्घटनाकारी कार को जब्त कर उसकी जांच की, तो पता चला कि वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी। यह मामला अब और गंभीर हो गया है क्योंकि पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि फर्जी नंबर प्लेट के पीछे का असल मकसद क्या था। आरोपी ड्राइवर से कड़ी पूछताछ की जा रही है।






# स्टेशनरी दुकान में आग लगी तो ऊपर रहने वाले 6 लोग नीचे रोड पर आ गए

**तलघर में भरा था कागज का भंडार, वहां तक नहीं पहुंची आग, शार्ट सर्किट से लगी आग को बुझाने में 25 हजार लीटर पानी का हुआ उपयोग**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गर्मी बढ़ते ही लगातार आगजनी की घटनाएं बढ़ रही है। शहर के मध्य खजूरी बाजार स्थित स्टेशनरी दुकान पर आज अलसुबह 4 बजे के करीब शॉट सर्किट के बाद आग लग गई। आग ने बड़ा रूप लेना शुरू ही किया था कि फायर ब्रिगेड पहुंच गई और आग पर नियंत्रण किया। मिली जानकारी के मुताबिक पंचोली स्टेशनरी खजूरी बाजार दुकान के पास विद्युत डीपी लगी है, वहां के लोगों का कहना है कि इस डीपी से शॉट सर्किट हुआ और केबल के माध्यम से वह शॉट सर्किट अन्दर मीटर तक पहुंचा और उसी से दुकान में आग लग गई। इधर फायर ब्रिगेड का कहना है कि बाहर दुकान के नाम का साइन बोर्ड भी इलेक्ट्रानिक था, जिसके कारण शाट सर्किट हुआ और आग लगी। आग लगने के बाद दुकान के ऊपर की मंजिल पर रह रहे 6 लोग भी आग और धुआं से जाग गए और तत्काल वे लोग सीढ़ियां उतरकर रोड पर आ गए उसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, फायर ब्रिगेड ने 25 हजार लीटर पानी और फ़ोम का उपयोग कर आग बुझाई तब तक दुकान में रखी कागज की स्टेशनरी और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। बताया यह भी गया कि इस दुकान के नीचे तलघर में भी बड़ी संख्या में स्टेशनरी से संबंधित कागजात रखे हुए थे, आग वहां तक नहीं पहुंची जिससे बड़ी आगजनी की घटना टल गई। फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने दुकान की आग बुझाने में बाधा बन रहे कुछ जगह को भी तोड़ा था। कॉपी, किताब, स्टेशनरी से लेकर कुछ फर्नीचर और इलेक्ट्रानिक उपकरण में भी नुकसान हुआ है, बाहर का जो बोर्ड था उसमें एसीपी भी लगी हुई थी वह भी जल गई। कुल मिलाकर लाखों का नुकसान स्टेशनरी दुकान में हो गया।

# सिंडिकेट का भंडाफोड़, 9 गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



एरोड्रम थाना पुलिस ने अवैध सट्टा कारोबार के विरुद्ध एक प्रभावी और योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए अंतर-जिला सट्टा नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 9 सटोरियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जो मोबाइल और कैलकुलेटर के जरिए लाखों रुपये के सट्टे का हिसाब-किताब रख रहे थे।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुविधि नगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सट्टा संचालित किया जा रहा है, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए टीम ने सबसे पहले आरोपी आशीष को रंगे हाथों सट्टा लेते हुए दबोचा।

पूछताछ के दौरान आरोपी आशीष ने खुलासा किया कि वह सुपर कॉरिडोर निवासी महेश के इशारे पर सट्टे का काम कर रहा है। इस महत्वपूर्ण सुराग के आधार पर पुलिस की एक विशेष टीम ने सिंगापुर सिटी स्थित एक मकान पर औचक दबिश दी। वहां का नजारा देखकर पुलिस भी दंग रह गई, जहाँ 7 व्यक्ति मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टे की पर्चियां लिख रहे थे और हार-जीत का दांव लगवा रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से रितेश निवासी एरोड्रम, योगेश निवासी खंडवा, शेखर निवासी विजयश्री नगर, पंकज निवासी छत्रीपुरा, दिनेश निवासी कॉरिडोर सिटी,प्रदीप निवासी एरोड्रम और मुख्य सरगना महेश निवासी कॉरिडोर सिटी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा संचालन में उपयोग किए जा रहे 11 मोबाइल फोन, 7 कैलकुलेटर, 15,000 नगदी और लाखों रुपये के सट्टे के हिसाब-किताब वाली पर्चियां बरामद की हैं। कार्रवाई के दौरान एक अन्य नाम शिवराम निवासी कुशवाह नगर का भी सामने आया, जिसे पुलिस ने बाणगंगा क्षेत्र से घेराबंदी कर पकड़ा। शिवराम के कब्जे से भी एक मोबाइल, सट्टा पर्चियां और 1,200 नगद जब्त किए गए हैं। एरोड्रम पुलिस ने सभी 9 आरोपियों के विरुद्ध सट्टा एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। फिलहाल पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि यह गिरोह किन बड़े बुकीज़ या अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के संपर्क में था और इनके तार शहर के अन्य किन इलाकों से जुड़े हुए हैं।

# अधिवक्ता की कार को बदमाशों ने फूंका देर रात घर के बाहर खड़ी गाड़ी में लगाई आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र के ओमेक्स सिटी में देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी एक अधिवक्ता की कार को निशाना बनाते हुए उसमें आग लगा दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और आग बुझाने की अफरा-तफरी के दौरान एक मासूम बच्ची भी घायल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र की है। पीड़ित अधिवक्ता सौरभ पंडित ने बताया कि गुरुवार देर रात करीब तीन बजे उनके घर के बाहर




खड़ी कार एमपी 09 जेडबी 1332 में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। जब घर के अंदर धुआं भरने लगा और बाहर से आहट आई, तो परिजन तुरंत बाहर निकले। गाड़ी को आग की लपटों में घिरा देख परिवार ने तुरंत डायल 100 और फायर ब्रिगेड को सूचना दी.सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे कार पूरी तरह स्वाहा होने से बच गई और बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, इस पूरी भाग-दौड़ और दहशत के माहौल में अधिवक्ता की मासूम बेटी जमीन पर गिर गई, जिससे उसके शरीर पर चोटें आई हैं। अधिवक्ता सौरभ पंडित का कहना है कि यह किसी असामाजिक तत्व की सोची-समझी साजिश हो सकती है। लसूड़िया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।



# कांक्रीट मिक्सर ट्रक पलटा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बिजासन रोड स्थित एयरपोर्ट थाना के सामने आज सुबह मिक्सर प्लांट से संबंधित मिक्सर वाला ट्रक पलट गया। यह गनीमत रही कि जब यह ट्रक पलटा उस समय ट्रक के आसपास कोई नहीं था। घंटों तक यह ट्रक रोड पर ही पलटा पड़ा रहा। इससे यातायात भी सुबह का बाधित हुआ।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।